चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 230, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 19 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पुराने संसद भवन को अलविदा

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार** द्वारा बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का आगाज 18 सितंबर को पुराने संसद भवन में हुआ। इसमें पीएम मोदी के संबोधन के साथ 75 सालों के संसद के सफर पर भी चर्चा की गई। पुराने संसद भवन के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने तमाम यादों को ताजा किया। बता दें कि संसद की आगे कार्यवाही 19 सितंबर (मंगलवार) से नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में होगी।

पीएम मोदी ने की पुराने संसद भवन में आखिरी स्पीचः पुराने संसद भवन को विदाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट की आखिरी स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद किया। पीएम मोदी ने सभी प्रधानमंत्रियों का बखान करते

**संसद भवन**

**पांच दिवसीय विशेष सत्र का आगाज 18 सितंबर को पुराने संसद भवन में हुआ, पीएम मोदी के संबोधन के साथ 75 सालों के संसद के सफर पर भी चर्चा की गई**

पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, पी वी नरसिम्हा राव और अटल बिहारी वाजपेयी सहित अन्य नेताओं का जिक्र किया।

पुरानी संसद की "उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख" पर बोले पीएमः इसके साथ ही




लोकसभा में "संविधान सभा से शुरू हुई 75 साल की संसदीय यात्रा" पर चर्चा करते हुए पीएम ने लोकसभा को मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 'वोट के बदले नकद' घोटाला भी याद दिलाया। साथ ही उन्होंने पुरानी संसद में "उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख" विषय पर चर्चा करते हुए कई बातें रखी है।

### पीएम ने भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त की बहादुरी को किया याद

**अपने** 52 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त की बहादुरी को याद किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य को नींद से जगाने के लिए भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने संसद में बम फेंके थे। उस बम की गूंज आज भी उन लोगों की रातों की नींद हराम कर देती है, जो इस देश का भला नहीं चाहते हैं।" मोदी ने कहा कि इसी संसद में पंडित नेहरू ने आधी रात को अपना "नियति से साक्षात्कार" भाषण दिया था और उनके शब्द आज भी सभी को प्रेरित करते हैं। इसी सदन में, अटलजी के शब्द 'सरकारें आएंगी, जाएंगी; पार्टियाँ बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए।

**फैल रहा डेंगू का नया स्ट्रेन डेन-2**

## यह स्ट्रेन सामान्य डेंगू से ज्यादा खतरनाक, गुरुग्राम में 50% से ज्यादा मरीजों में मिला




**नई दिल्ली**

**गुरुग्राम में** 50 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों में डेंगू का नया स्ट्रेन डेन-2 मिला है। सीरो सर्वे के लिए भेजे गए 50 सैम्पल में से 26 लोगों में डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन मिला है। डेंगू का यह स्ट्रेन सामान्य वायरस से ज्यादा खतरनाक होता है। गुरुग्राम में अब तक डेंगू के 149 केस आ चुके हैं। चीफ मेडिकल ऑफिसर वीरेंद्र यादव ने बताया कि डेन-2 स्ट्रेन से घबराने की जरूरत नहीं है। यह सभी के लिए खतरनाक नहीं है। जिन लोगों को पहले से कोई गंभीर बीमारी है उन्हे ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादातर मरीज घर पर सामान्य उपचार से ठीक हो रहे हैं।

तेजी से फैल रहा डेंगूः देश में डेंगू तेजी से फैल रहा है। खासतौर पर हरियाणा, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, पंजाब इससे सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक कर्नाटक में 7000 और पंजाब में 3475 डेंगू के केस मिले हैं।

केरल में निपाह से राहत, 3 दिन में कोई केस नहींः केरल में निपाह वायरस से राहत मिली है। राज्य में लगातार तीसरे दिन कोई भी केस नहीं मिला है। सोमवार को 61 सैम्पल की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री मंत्री वीना जॉर्ज ने इसकी जानकारी दी।

उन्होने कहा - फिलहाल 1233 लोग कॉन्टैक्ट लिस्ट में है। 23 लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है वहीं कटउल में 4 लोग भर्ती हैं। निपाह की स्थिति का जायजा लेने के लिए 34,167 घरों में हाउस विजिट किया जा चुका है। मंत्री जॉर्ज ने बताया कि एक नौ साल के बच्चे का इलाज चल रहा है।

## मणिपुर में जवान की सिर में गोली मारकर हत्या

**8 साल के बेटे ने पिता को अगवा होते देखा, अगले दिन लाश मिली**



**इंफाल**

**मणिपुर में** सेना के एक जवान की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव अगले दिन ईस्ट इंफाल के खुनिंगथेक गांव में मिला। मृतक जवान की पहचान सेर्टो थांगथांग कोम (44) के तौर पर हुई है। वह वेस्ट इंफाल के तरुंग का रहने वाला था और मणिपुर के ही कांगपोकपी जिले में डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्प्स में तैनात था। वह छुट्टियां मनाने घर आया था, जब शनिवार सुबह करीब 10 बजे तीन हथियारबंद बदमाशों ने उसे घर से अगवा कर लिया और हत्या करके दूसरे जिले में लाश छोड़ दी।

मृतक के भाई पाचुंग (50) ने बताया कि सेर्टो एक दिन पहले ही घर आए थे। उनकी मृत्यु के बाद अब उनकी 31 साल की पत्नी, 12 साल की बेटी और 8 साल का बेटा रह गए हैं। पाचुंग ने ये भी बताया कि सेर्टो के बेटे ने ही उन्हें किडनैप होते देखा था। बेटे ने पाचुंग को बताया था कि सफेद रंग की कार में आए तीन लोग उसके पिता को जबरदस्ती उठाकर ले गए थे। जब तक परिवार के लिए गाड़ी का नंबर नोट कर पाते, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। इसके बाद पाचुंग ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। अगले दिन सुबह 9:30 बजे सेर्टो की डेड बॉडी मिली। इसे लेकर सेना के अधिकारियों का कहना है कि जवान का अंतिम संस्कार परिवार की इच्छा के अनुसार किया जाएगा। सेना ने परिवार की मदद के लिए एक टीम भी भेजी है।

### मनी लांड्रिंग: सुप्रीम कोर्ट से हेमंत को राहत नहीं


**नई दिल्ली**

**मनी लॉन्ड्रिंग** मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के समन को चुनौती देने वाली हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोरेन को झारखंड हाई कोर्ट जाने को कहा। कोर्ट के रुख को देखते हुए सोरेन ने याचिका वापस ले ली। ईडी ने सोरेन को 14 अगस्त और 24 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। अब उन्होंने ईडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

## सुप्रीम कोर्ट शिवसेना के ठाकरे गुट की याचिका पर तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की ओर से चुनाव चिह्न पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। उद्धव ठाकरे गुट ने निर्वाचन आयोग के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें 17 फरवरी को शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी गई है। याचिका में शिंदे गुट को धनुष



बाण चुनाव चिह्न आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। आयोग ने पाया था कि शिवसेना का मौजूदा संविधान अलोकतांत्रिक है। शिवसेना के मूल संविधान में अलोकतांत्रिक तरीकों को गुपचुप तरीके से वापस लाया गया।

### अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में याचिका दायर कर अडानी-हिंडनबर्ग मामले में नई विशेषज्ञ समिति बनाने की मांग की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी के तीन सदस्यों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में कमेटी के सदस्य ओपी भट्ट, केवी कामथ और सोमशेखर सुंदरसन पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मामले में नई कमेटी बनाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि ओपी भट्ट ग्रीनको कंपनी के चेयरमैन हैं, जिसका अडानी ग्रुप की कंपनी के साथ बिजनेस है। याचिका में कमेटी के सदस्य पूर्व बैंकर केवी कामथ, सिक्योरिटी लॉयर सोमशेखर सुंदरसन पर भी आपत्ति जताई गई है।

अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित पैनल में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम सप्रे, पूर्व बैंकर केवी कामथ और ओपी भट्ट के अलावा इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि, सिक्योरिटी लॉयर सोमशेखर सुंदरसन और रिटायर्ड जज जेपी देवधर शामिल हैं।

## जी-20 के सफल आयोजन से भारत का दुनिया में बढ़ा कद : धनखड़

**नई दिल्ली**

**राज्यसभा** के सभापति जगदीप धनखड़ ने जी-20 के सफल आयोजन के लिए देशवासियों को बधाई देते हुए आज कहा कि इससे भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। इस शिखर सम्मेलन के परिणाम परिवर्तनकारी हैं और आने वाले दशकों में वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने में योगदान देंगे। धनखड़ ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली के राजघाट पर विश्व नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। यह एक अद्भुत



दृश्य था। दुनिया के नेता शांति और अहिंसा के सार्वभौमिक आदर्शों का समर्थन करने वहां पहुंचे थे। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधारों को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलते समय के अनुरूप ढालने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सुधार, डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना और हरित विकास समझौते को बढ़ावा देने की बात की।

धनखड़ ने कहा कि जी-20 के दौरान ऊजार्वान, वैश्विक अर्थव्यवस्था, विस्तारित पर्यटन, वैश्विक कार्यक्षेत्र, बाजरा उत्पादन और खपत के माध्यम से मजबूत खाद्य सुरक्षा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का मानचित्रण, एमएसएमई के लिए समर्थन और जैव ईंधन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर सम्मेलन का विशेष ध्यान रहा। जी-20 में भारत ने हमेशा "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना को आगे रखा, जिसको दुनिया के देशों ने स्वीकार भी किया। धनखड़ ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर एक महत्वपूर्ण फैसला रहा।

### हिंदू धर्म का खात्मा ही नहीं, देश तोड़ना भी डीएमके के मन में'

**चेन्नई**

**तमिलनाडु** के राज्यपाल आरएन रवि ने आज एक कार्यक्रम में डीएमके नेताओं के सनातन और हिंदू धर्म को लेकर दिए बयानों पर हमला बोला है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा संविधान किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के खात्मे की बात वही लोग कर रहे हैं, जो देश को तोड़ना चाहते हैं।

विदेशी शक्तियों के साथ चलाया जा रहा एजेंडाः आरएन रवि ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता की गलत व्याख्या की गई है।

**सीडब्ल्यूसी में कांग्रेस नेताओं की मांग, कहा- परफॉर्मेंस अच्छा रहा तो ज्यादा सीटें मांग सकेंगे**

## 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद हो सीट बंटवारा

**हैदराबाद**

**इंडिया गठबंधन** के सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद की जाए। हैदराबाद में 16-17 सितंबर को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पार्टी हाईकमान से इसकी मांग की है। यह मांग करने वाले ज्यादातर नेता उन राज्यों से हैं, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन की दूसरी पार्टियों से है। इन नेताओं को भरोसा है कि पार्टी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में




अच्छा परफॉर्म करेगी, जिससे वे सीट शेयरिंग के दौरान मजबूत स्थिति में रहेंगे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल के आखिरी में चुनाव होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने अब तक तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावना है कि अगले महीने के पहले हफ्ते में इसका ऐलान हो जाए।

माकन समेत कई नेताओं ने आप का विरोध कियाः पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन, प्रवक्ता अलका लांबा और प्रताप सिंह बाजवा समेत दिल्ली और पंजाब के कुछ नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) के व्यवहार पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि आप नेता पार्टी पर हमले कर रहे हैं और पार्टी नेताओं को नुकसान पहुंचा। रहे हैं। अजय माकन ने कहा कि आम आदमी पार्टी उन राज्यों में चुनाव लड़ने की घोषणा कर रही है, जहां कांग्रेस सरकार बनाने की स्थिति में है। वहां अअढ कांग्रेस नेताओं पर हमले कर रही है।

## 2024 में खुद खत्म हो जाएंगे सनातन को खत्म करने की बात करने वालेः बाबा रामदेव

**लखनऊ**

**सनातन** धर्म को लेकर चल रही राजनीतिक बहस थमने का नाम नहीं ले रही है। सनातन धर्म को लेकर भाजपा विपक्षी पार्टियों पर पहले से ही काफी हमलावर है। अब इस पूरे मामले में योग गुरु बाबा रामदेव ने भी बयान देकर इस मामले को और हवा दे दी है। बाबा रामदेव ने अपने एक बयान में स्पष्ट रूप से कहा है कि 2024 में सनातन धर्म को खत्म करने वाले खुद ही खत्म हो जाएंगे।



योग गुरु ने जाति वाले मामले पर भी दिया तर्कः बाबा रामदेव ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग सुपारी देकर सनातन धर्म को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सनातन का गौरव काला है। उन्होंने कहा कि जो सनातन को गालियां दे रहे हैं और सनातन को खत्म करने की बात कर रहे हैं। वह खुद खत्म हो जाएंगे।

**स्कूल में बच्चों से प्राइवेट पार्ट्स के नाम पूछे जा रहे, ऐसे लोग खुद को साइंटिस्ट बुलाते हैं**

## 'वामपंथी विचारधारा ने विश्व भर में विनाश ला दिया'

**पुणे**

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ (संघ) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को वामपंथी विचारधारा पर जमकर हमला बोला। भागवत ने कहा- स्कूलों में छोटे बच्चों से प्राइवेट पार्ट्स के नाम पूछना वामपंथी ईकोसिस्टम का हमला है। ऐसे विचारधारा के लोगों को लगता है कि वे ताकतवर हैं, भगवान हैं। वे खुद को साइंटिस्ट बुलाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। मोहन भागवत पुणे में एक मराठी किताब के लॉन्च पर बोले रहे थे। यहां उन्होंने बताया- मैं गुजरात के एक स्कूल में



गया था। वहां एक शख्स ने मुझे किंडरगार्टन स्कूल में लगा एक निर्देश दिखाया। उसमें शिक्षकों को पता लगाने को कहा गया था कि क्या केजी-2 के बच्चों को अपने प्राइवेट पार्ट्स के नाम पता हैं। वामपंथी ईकोसिस्टम का हमला यहां तक पहुंच चुका है। यह ऐसे विचारधारा वाले लोगों की मदद के बिना नहीं हो सकता। वामपंथी विचारधारा ने विश्व भर में विनाश ला दिया है।

भारत पर दुनिया को इस संकट से मुक्त कराने की जिम्मेदारीः संघ प्रमुख ने कहा- वामपंथी लोगों ने दुनिया में सांस्कृतिक मार्क्सवाद शुरू किया है। वो हमारी संस्कृति पर हमला कर रहे हैं। मार्क्सवाद के नाम पर वे गलत आदर्शों और सिद्धांतों का प्रचार कर रहे हैं, जो समाज को नुकसान पहुंचा रही है।

## जनता से मुलाकात न हो इसलिए बॉडीगार्ड रखते हैं नेताः पीके

**पटना**

**राजनीतिक** रणनीतिकार प्रशांत किशोरकी जन सुराज नाम पदयात्रा बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर प्रखंड में पहुंच गई है। यहां प्रशांत किशोर ने बड़े पैमाने पर लोगों को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने नेताओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए।

पांच सालों तक दिखाई नहीं देते नेताः लोगों को संबोधित करते हुए प्रशांत ने कहा कि सभी ने यह कहानी सुनी होगी कि पुराने जमाने में जो राजा होते थे, वह भेष बदलकर बाहर निकलते थे ताकि वह यह जान सकें कि प्रजा की हालत कैसी है।

उन्होंने आगे कहा कि आज जिसको हम राजा बनाते हैं, वह रात को तो दूर पांच वर्षों तक दिखाई नहीं देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो नेता जीतने के बाद गलती से अगर चला भी आता है तो ऊंचे मंच पर बैठ जाता है। इसके अलावा, वह इतने सुरक्षाकर्मियों के साथ आता है कि उसे मुलाकात करना आसान नहीं होता है।

काम का हिसाब देने से बचते हैं नेताः प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर नेताओं से पूछा जाए कि आप इतनी सुरक्षा घेरे में क्यों रहते हैं तो वह जान के खतरे का हवाला देते हैं। उन्होंने कहा कि असल बात यह है कि वह इसलिए सुरक्षा लेकर चलते हैं क्योंकि जनता से कहीं उनकी मुलाकात न हो जाए, कहीं वह पूछ न दें कि जिस काम के लिए उन्होंने वोट दिया था, वह पूरा हुआ या नहीं? बता दें कि प्रशांत किशोर पैदल पूरे बिहार की यात्रा पर निकले हैं।

### केरल समेत नौ राज्यों में निपाह वायरस का खतरा

**नई दिल्ली**

**केरल में** पिछले 24 घंटों में निपाह से संक्रमित कोई मामला सामने नहीं आया है। इससे संक्रमित नौ साल के बच्चा वेंटिलेटर से बाहर आ गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक बच्चे की सेहत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस निपाह वायरस का खतरा केरल समेत देश के नौ राज्यों में है। इस पर आईसीएमआर और डब्ल्यूएचओ द्वारा किए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

### खबर संक्षेप

**हाइवोल्टेज करंट की चपेट में आने से बोरिंग मिस्त्री की मौत,एक घायल**

**मेजा।** क्षेत्र के मेजाखास में बोरिंग मशीन की गाड़ी ले जाते समय 11 हजार वोल्टेज करंट की चपेट में आने से बोरिंग मिस्त्री की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। मौके पर मेजा पुलिस पहुंच कर अगली कार्रवाई में जुटी गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह मेजाखास बोलन धाम की पहाड़ी पर स्थित महिला पालिटेक्निक कालेज के पास बोरिंग मशीन की गाड़ी जा रही थी और आगे 11 हजार हाइवोल्टेज तार था। गाड़ी पर साथ चल रहे अजय कोरी (28) पुत्र संतोष कोरी निवासी मैहर मध्य प्रदेश व गाड़ी को पास करा रहा था। हाईवोल्टेज तार के नीचे जैसे ही गाड़ी आगे निकली उसका पिछला हिस्सा तार से छू गया और गाड़ी में करंट दौड़ गया। जिससे अजय कोरी (28) की मौके पर ही मौत हो गई और साथ में उसका भाई समयलाल कोरी गंभीर रूप से घायल हो गया। बोरिंग गाड़ी के चालक ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

# जहरीली गैस या भयंकर गर्मी से 27 छात्र छात्राओं की अचानक तबियत खराब

अखंड भारत संदेश

- सभी बच्चियों एव बच्चो की हालत खतरे से बाहर
- सीएससी मेजा के डॉक्टरो के फूले हाथ पांव
- क्यों बीमार हुई बच्चियां व बच्चे अभी तक साफ नहीं हुई है स्थिति,डॉक्टर ने कहा यह जांच का है विषय
- कालेज और अस्पताल में नहीं है पंखे की व्यवस्था





**मेजा।** क्षेत्र के गेंदुराही गांव की पहाड़ी पर स्थित गुलाब शंकर यादव इंटर कालेज में सोमवार को लंच के समय 27 बच्चियों की तबीयत अचानक खराब हो गई। इन्हें इलाज के लिए कुछ को सीएचसी मेजा और कुछ को पास के निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया। इलाज के बाद अधिकतर बच्चो एव बच्चियों की स्थिति खतरे से बाहर थी। हालांकि दो बच्चियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें ऑक्सीजन पर रख कर दिया गया कुछ देर बाद दोनों की सेहत में सुधार हो गया और दोनों को ऑक्सीजन से हटा लिया गया। शाम तक सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई। सीएचसी मेजा सीनियर डॉक्टर समीम अख्तर का कहना है कि जांच के बाद ही पता चलेगा कि असली वजह क्या है। उन्होंने बताया की बच्चियों का ऑक्सीजन लेवल 100 था फिर भी उन्हें घबडाहट थी। उन्होंने ने बताया कि 11:30 बजे करीब 15 बच्चियों की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल लाया गया। धीरे धीरे संख्या बढ़ती गई।

बता दें कि उक्त कालेज में केवल 8 कमरे हैं। किसी भी कमरे में पंखा नही लगा है। इस संबंध में जब कालेज के प्रबंधक महेंद्र प्रसाद यादव से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। घटना के बाद प्रबंधक, प्रिंसिपल सहित सभी स्टॉफ फरार हो गए। एक बच्ची के मुताबिक लंच की छुट्टी होने के बाद सभी लड़के लड़कियां एक कमरे में लंच करने की तैयारी में थे । तभी खिड़की की तरफ से तेज बदबू आई और सांसे लेने में दिक्कत होने लगी।देखते ही देखते कई लड़कियों और लडको को सांस लेने में समस्या हो गई।,जिसके बाद सभी बाहर चिल्लाते हुए भागे और अफरा तफरी मच गई।कुछ तो हादस की शिकार हुई,उन्हें अस्पताल पहुंचाने ही आराम मिल गया। तबियत खराब होने वाली बच्चियों में प्रियांशु , बृजेश, कृष्ण, सुरेश, अंजली, प्रांजलि, सौरभ, दीपांशु, संध्या, स्नेहा, ज्योति, अंजली, शरद, पूनम, शिवानी, शिवा का मेजा सरकारी अस्पताल में इलाज हुआ।जिसमे दो बच्चियों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।बाद में इनकी हालत में सुधार आया। सभी बच्चियों की उम्र 12 से 15 साल है। घटना के कई घंटे बाद परिजन अस्पताल पहुंच रहे थे। हालांकि, अपनी बच्चियों को स्वस्थ देखकर उन्होंने राहत की सांस ली। घटना के बाद परिजन नाराज दिखे। उनका कहना था कि हमें तो स्कूल से कुछ सूचना नहीं दी गई। मेरे एक दोस्त ने मुझे बताया कि स्कूल में कुछ बच्चे एव बच्चियां बेहोश हो गई हैं। जब स्कूल पहुंचा तो बताया गया कि सभी को अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल सभी बीमार बच्चियों एव बच्चो की हालत में सुधार हुआ है।इधर सीएचसी में जिस हाल में बच्चियों का इलाज चल रहा था,वहां भी एक सीलिंग फैन लगा था।जिसे एसडीएम मेजा अमित गुप्ता ने डाट फटकार लगाई।तो आनन फानन में फैन लगाया गया।वहां जनरेटर भी तेल पानी के अभाव में बंद मिला,बड़ी घटना के बाद मीडिया को देख उसे भी चालू किया गया। बच्चो एव बच्चियों स्थिति के वावत जब एसडीएम मेजा अमित गुप्ता से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि सभी बच्चो एवं बच्चियों की हालात काफी में काफी सुधार हुआ है और वह की तरह ठीक होकर अपने–अपने घर चले गए हैं एक बच्ची ज्योति नाम की करछना के प्रकाश हॉस्पिटल में है एडमिट है देर शाम तक वह भी घर वापस आ जाएगी इतना ही नहीं एसडीएम में जाने घटना के बावत स्कूल प्रबंधन तंत्र की जांच कराने का भी आश्वासन दिया है। कालेज में नहीं है पंखे की व्यवस्था मेजा। कई साल पहले इंटर कालेज की मान्यता प्राप्त उक्त कालेज में केवल 8 कमरे हैं,किसी भी कमरे में बच्चों को भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए एक भी पंखा की व्यवस्था नहीं है।इस संवाददाता ने जब कालेज पहुंकर देखा तो कालेज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा था। न तो धूप से बचाने के लिए कालेज में एक भी छायादार पेड़ है और न ही कमरों में हवा के लिए पंखे की व्यवस्था है।

**मेजा के अस्पताल में भी नहीं है पंखे की व्यवस्था**

सीएचसी मेजा में भी इमरजेंसी वार्ड के बड़े हाल में एक ही पंखा लगा हुआ है। मीडिया की निगाह जब कमरे के पंखे पर पड़ी तो इसकी शिकायत एसडीएम की गई तो अधीक्षक द्वारा तत्काल पंखा लगवाया गया। इतनी बड़ी घटना के एक घंटे बाद ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की गई। अस्पताल की व्यवस्था देख बीमार बच्चियों के परिजन अस्पताल की व्यवस्था को देख आक्रोशित थे।

**बीमार बच्चियों से मिले एसडीएम, एसीपी और कोतवाल**

**मेजा।** घटना के तुरंत बाद सूचना मिलते ही एसडीएम मेजा अमित गुप्ता, एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र और कोतवाल मेजा राजेश उपाध्याय सीएचसी पहुंच बीमार बच्चियों का हाल चाल जाना। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर से जानकारी ली और बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। कोतवाल कालेज में मौके पर जाकर मुआयना भी किया। जहां बहुत सारी कमियां देखने को मिली।

## पचदेवरा में संचालित एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र सहित तीन दुकानों में सेंध मारी



**करछना** प्रयागराज हाईवे सड़क मार्ग पचदेवरा चौराहे के पास की घटना पिकेट ड्यूटी से नदारद रही करछना पुलिस चोरों ने एक रात तीन स्थानों पर सेंधमारी कर लाखो रुपए एवं जरूरी दस्तावेज एवं सामान लेकर रफूचक्कर हो गये। घटना रविवार बीती रात की है पुलिस को दी गई तहरीर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा की ग्राहक सेवा केंद्र संचालिका वंदना शुक्ला पत्नी शिवसागर निवासी थाना नैनी जो करछना थाना क्षेत्र के पास पचदेवरा हाईवे सड़क मार्ग स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र खोलकर संचालित करती हैं और रविवार रात अज्ञात चोरों ने कमरे की दीवाल काटकर अंदर रखा जरूरी दस्तावेज 40000 नगदी एवं लैपटॉप उठा ले गए साथ ही बगल में स्वराज भारत गैस एजेंसी कार्यालय व संतोष इलेक्ट्रॉनिक की दुकान को भी चोरों ने निशाना बना जहां से लाखों रुपए के समान व नगदी लेकर रफू चक्कर हो गए सोमवार सुबह ग्राहक सेवा केंद्र संचालिका वंदना शुक्ला को सूचना मिली मौके पर पहुंच कर देखा तो सामान सब गायब था और नगदी भी उठा ले गए थे पुलिस चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## गांजा और कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस नशीले पदार्थों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई लोकेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ टंडन वन, महैवा पहलवान रोड से बृजलाल दिवासी पुत्र संतलाल आदिवासी (ग्राम टंडनवन, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से 2.5 किलो गांजा और 20 पाउच दिलकश दौराला ब्रांड की शराब बरामद हुई है। मुखबिर की सूचना पर की गई गिरफ्तारी के बाद तस्कर को थाने लाया गया और सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए चालान भेज दिया गया है। आरोपी बृजलाल बड़े तस्करों से गांजा प्राप्त कर उसकी सप्लाई करने जा रहा था। दूसरी तरफ शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने कांस्टेबल प्रभुनारायण पांडेय व मनोज कुमार सिंह के साथ गोविंद पुत्र राजमन मांझी को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। राजमन के पास केन में 35 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। आरोपी शराब की खेप पहुंचाने जा रहा था। एसआई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह गिरफ्तारी क्षेत्र के लोहरा जगिरहवा के पास से की गई है। आरोपी पर केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है।

## सपा नेताओं ने जनसमस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



**करछना।** प्रयागराज समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना द्वारा सोमवार को क्षेत्र की जन समस्या को लेकर ज्ञापन उप जिलाधिकारी करछना के माध्यम से महामहीम राज्यपाल को दिया गया। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ ब्लॉक से लेकर तहसील मुख्यालय तक समाजवादी पार्टी जिंदाबाद माननीय अखिलेश यादव जिंदाबाद पप्पू लाल निषाद जिंदाबाद का नारा लगाते हुए हजारों की संख्या में पहुंचे जिसमें पार्टी के जिले से लेकर विधानसभा, जोन, सेक्टर के समस्त पदाधिकारी तथा पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ता मौजूद थे। क्षेत्र की जन समस्याएं, महंगाई, बेरोजगारी, बिजली पानी एवं सिंचाई के साथ महिलाओं पर अत्याचार, कानून व्यवस्था, किसानों की खड़ी फसल आवारा पशुओं से नष्ट अनावृष्टि से फसल सूख रही है। अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बरबरता, जर्जर सड़के एवं विकास कार्यों में खुला भेदभाव है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप में कार्यक्रम के संयोजक विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू जिला महासचिव इंजी. जगदीश यादव, राष्ट्रीय सचिव डॉ. उमेश यादव, जिला सचिव कमलेश पुष्कर, महेंद्र सरोज, विधानसभा महासचिव प्रदीप निषाद जिला महिला सभा महासचिव गीता भारती, जिला उपाध्यक्ष गण जयशंकर भारती, पप्पू इजरायल, कृपा शंकर बिंद, जिला कोषाध्यक्ष केशव विश्वकर्मा, गुलाम मुस्तफा, विजय राज यादव, सूर्य प्रकाश यादव, शहनाज हुसैन, अरुण यादव, प्रमोद निषाद, छोटेलाल शर्मा, सीताराम यादव, डॉ लाल मियां इश्तियाक हैदर, हरिहर देव सिंह, रामानंद यादव, नंदलाल, पप्पू यादव, विजय बहादुर पटेल, विमल यादव, डॉ. अफजल, मंगला यादव आदि रहे।

## आज वितरित होगा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का स्वीकृति पत्र

**कोरांव।** आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2023 - 24 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को मंगलवार को स्वीकृति पत्र वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल शामिल होंगे और आवास लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव ने देते हुए बताया कि नीति आयोग भारत सरकार द्वारा हमारा ब्लॉक कोरांव प्रयागराज जनपद के आकांक्षी विकासखंड में चयनित है। जिसके विकास हेतु ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी हेतु चिंतन शिविर का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार से गुरुवार तक चलेगा। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज करेंगे। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने मुख्यमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण एवं विकास हेतु ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी चिंतन शिविर के आयोजन में ग्राम प्रधानों आवास लाभार्थियों से प्रतिभाग करने की अपील की है।

# ग्राम प्रधान की दबंगई जमीनी विवाद में भांजी लाठियां- चार पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश



**जारी।** कौंधियारा थाना अंतर्गत दिन सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर के जहां ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ पड़ोसियों पर हुए हमलावर और जमकर ग्राम प्रधान व उनके सहयोगियों ने पड़ोसियों पर भांजी लाठियां। पीड़ित पक्ष के द्वारा घटना की पुलिस को दी गई जानकारी, मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा कई लोगों को गिरफ्तार कर लाया गया। घटना ग्राम पंचायत नचना गांव की है। जहां पर वर्तमान ग्राम प्रधान भंवर सिंह उर्फ राजू यादव पुत्र पुरुषोत्तम यादव अपने कुछ सहयोगियों के साथ गांव में ही रहने वाले अनिल यादव पुत्र राजकुमार यादव के घर पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे, जब गाली गलौज का विरोध हुआ तो ग्राम प्रधान के साथ मौजूद लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। अफरा तफरी के दरमियान मारपीट में घायल हुए अनिल कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि उनके गांव के ग्राम प्रधान भंवर सिंह उर्फ राजू यादव अपने सहयोगियों को लेकर के उनके घर पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे और जब उनके घर की महिलाओं के द्वारा इसका विरोध किया गया तो उनके द्वारा मारपीट शुरू कर दी गई। अनिल यादव के द्वारा यह भी बताया गया कि उन्होंने तत्काल फोन कर कौंधियारा थाने में सूचना दिया और 112 नंबर पर फिर फोन कर पुलिस को भी सूचना दी। जबकि मारपीट में अनिल यादव के पक्ष से कई लोग चोटहिल हुए हैं। वही ग्राम प्रधान भंवर सिंह उर्फ राजू के द्वारा बताया गया कि अनिल यादव के द्वारा उनकी जमीन पर जबरिया कब्जा किया जा रहा है। जब वह समझने के लिए पहुंचे तो अनिल यादव के पक्ष के लोगों ने ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी जबकि घटना के संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक कौंधियारा संजय कुमार द्विवेदी के द्वारा बताया गया कि पीड़ित अनिल कुमार यादव की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित चार अन्य लोगों पर नामजद गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## 51 किलो की माला से नए जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**सहसों।** भाजपा सहसों मंडल के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ स्थित आर डी सिंह कॉलेज आफ एजुकेशन में सोमवार को स्वागत समारोह एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा आयोजित कर नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर महा रक्तदान शिविर आयोजन का जिला अध्यक्ष गंगापार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात सुखदेव सिंह महाविद्यालय की बी एड की छात्रा आलिया गौस ने रक्तदान किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक कालेज के प्रबंधक एवं ब्लॉक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, राकेश बहादुर सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, लल्ले सिंह ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में 17 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल का कार्यक्रम के संयोजक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने 51 किलो का माला पहनकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए जिला अध्यक्ष कविता पटेल ने कहा देश की बागडोर ऐसे राष्ट्र निमार्ता के हाथों में है। जिसके नेतृत्व में देश दुनिया में डंका बज रहा है। उन्होंने कहा 2024 के आम चुनाव में सम्मानित जुझारू एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के बल पर पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कन्हैया लाल पांडे एवं संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर विधायक प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा लक्ष्मीकांत उपाध्याय,पूर्व विधायक दीपक पटेल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, जीत लाल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, डीसीएफ चेयरमैन अजय पांडे, भाजयूमो जिला अध्यक्ष नवीन पटेल, मृगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश द्विवेदी, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, सत्यम मिश्रा, पवन शुक्ला, प्रहलाद मोदनवाल, निमिष खत्री, संजय सिंह, कपिल पटेल, उमेश तिवारी, अंकित मिश्रा, रमेश कुमार दुबे, राकेश शुक्ला, अमन सिंह राजपूत, राम पलट पटेल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी रहे।



## सेन्ट पीर्टस की प्रिंसिपल ने शिक्षिकाओं तीज का दिया तोहफा

**मेजा।** सोमवार को सेन्ट पीर्टस को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेड़ा ने विद्यालय में पढ़ाने वाली विवाहित शिक्षिकाओं को उपहार देकर उन्हें हरितालिका तीज व्रत की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। इस मौके पर मौजूद शिक्षिकाओं ने प्रमुख रूप से बबिता शर्मा, रूबी पाण्डे, प्रेमलता शर्मा, महिमा तिवारी, आदि को प्रिंसिपल अंकिता खेड़ा ने वैवाहिक जीवन की खुशहाली की मनोकामना की उन्होने बताया कि हर साल भाद्रपक्ष माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत रखा जाता है।ये सुहागिनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण व्रत है। शिव के समान पति को पाने के लिए कुंवारी लड़कियां भी इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है इस दिन रात में जागकर शिव-पार्वती की पूजा करने से पति पर आने वाले समस्त संकट खत्म हो जाते हैं, सुहाग को दीधार्यु का वरदान मिलता है।वैवाहिक जीवन में खुशियां आती हैं ।माता पार्वती ने भी शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए हरतालिका तीज व्रत किया था. इस दिन लोग अपने प्रियजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों, दोस्तों को हरतालिका तीज की बधाई और शुभकामना संदेश भेजते हैं।

### न्यूज झरोखा

## बी पैक्स सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं मत्स्य पालकों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा



**जसरा।** बी पैक्स सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत विकासखंड जसरा के प्रांगण में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं मत्स्यपालकों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।गोष्ठी में उपस्थित अपर जिला सहकारी अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने सदस्यों को बताया कि सहकारी समितियां में सदस्यता महा अभियान राज्य सरकार के निर्देशन पर संचालित किया जा रहा है जिसमें सहकारी समिति क्षेत्र के कृषक,अकर्षक,कुशल एवं अकुशल, मत्स्य पालक एवं पशुपालक को सदस्य बनाकर सरकार द्वारा संचालित विधि योजनाओं के द्वारा लाभ प्रदान किया जाएगा। अवगत कराया गया कि कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र की सहकारी समिति जिला सहकारी बैंक की शाखा पर उपस्थित होकर फॉर्म भरकर अथवा टोल फ्री नंबर पर कॉल करके करके सदस्य बन सकते है।सदस्य बनकर कोई भी व्यक्ति तीन प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकता है। समिति में उपलब्ध उर्वरक एवं अन्य कृषि निवेश प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर सकता है एवं समिति एवं बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है बताया गया कि सदस्य ही मताधिकार प्राप्त करने के हकदार होंगे एवं समिति के संचालक मंडल का सदस्य अध्यक्ष एवं दूसरे संस्थानों के प्राथमिक के रूप में निर्वाचित हो सकता है। इस अवसर पर गोष्ठी का संचालन एडियो आईएसबी विज्ञान प्रभाकर शुक्ला ने किया कार्यक्रम में एडियो कोऑपरेटिव राकेश सिंह,शाखा प्रबंधक जसरा विशंभर नाथ, डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक अनिल कुमार मिश्रा,अनिल कुमार शुक्ला,विजय कुशवाहा, ज्ञानेन्द्र पाठका,रामजी पाल, विजय राज यादव,रामनाथ पाल, दिनेश सिंह,नमिता सिंह सहित सैकड़ो महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

## निर्धन और गरीबों की सेवा करना पुनीत कार्य : डॉ नितिन दुआ



**कोरांव।** सुप्रसिद्ध आंख रोग विशेषज्ञ एवं दृष्टि शल्य चिकित्सक डॉ नितिन दुआ ने बताया कि गरीब और निर्धनों की सेवा करना पुनीत कार्य है। उक्त बातें इस समाचार पत्र प्रतिनिधि से डॉक्टर दुआ ने एक अनौपचारिक वार्ता में कहीं। डॉक्टर दूआ ने कहा कि आंख की सुरक्षा के लिए हर इंसान को अपनी सेहत और सुरक्षा का ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि जिस इंसान के आंख की रोशनी खराब हो जाती है, उसका दुनिया में पूरा आनंद समाप्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को आंखों से संबंधित किसी भी प्रकार के रोग को आंख के शल्य चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन गरीबों के पास पैसे की कमी है या नहीं है, ऐसे आंख के मरीजों के लिए मेरे द्वारा निशुल्क जांच और शल्य चिकित्सा प्रदान की जाती है। ऐसे लोग प्रत्येक रविवार को मिजार्पुर स्थित आंख अस्पताल में आकर मिल सकते हैं। साथ ही आंख का स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट के फाउंडर/प्रबंधक अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के मंत्री तथा वरिष्ठ पत्रकार अहदअहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे से वार्ता के दौरान बताया कि आपके ग्राम पंचायत अल्हवा या क्षेत्र में जितने भी ऐसे रोगी हों जिनका पैसे के अभाव में ऑपरेशन न हो पा रहा हो उन्हें हमारे पास भेज कर स्वास्थ्य लाभ दिला सकते हैं। श्री शहजादे ने डॉक्टर दुआ से कोरांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलहवा में अक्टूबर माह या दिसंबर में निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं आंख के ऑपरेशन का कैंप रखे जाने की मांग की थी। जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही तिथि निर्धारित कर जानकारी दे दी जाएगी। जिससे कैंप में इस प्रकार के रोगियों का परीक्षण एवं उपचार हो सके। तथा ऑपरेशन हो सके। सरदार डाक्टर दुआ प्रयागराज में दुआ आई केयर सेंटर सिविल लाइंस में प्रत्येक सोमवार,मंगलवार,बुधवार को बैठते हैं तथा हमेशा मिजार्पुर प्रत्येक इतवार को शेष अन्य जिलों में भी बैठते हैं।

# महादेव एवं माता पार्वती की हरतालिका तीज पर महिलाओ ने पूजा किया



**नैनी।** नैनी में हरतालिका तीज के दिन महिलाए अपने पति की लम्बी उम्र के लिये निर्जला व्रत रखती है एवं पूजा अर्चना करती है। मान्यताओ के अनुसार देवों के देव महादेव एवं माता पार्वती की हरतालिका तीज पर भक्तो पे आसिम कृपा करते है एवं सुहागन जोड़े को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। सुहागन महिलाओ के अलावा कुवारी लड़किया भी इस व्रत को रखती है एवं अच्छे जीवन साथी की कामना करती है। आज के दिन शिव मंदिरो मे बड़ी संख्या मे भक्त पहुँचते है और शिव जी एवं माता पार्वती की पूर्ण भक्ति से पूजा करते है। संध्या देवी जिला पंचयत अध्यक्ष अरवल बिहार बताती है की इस बार पूरे सात सालों के बाद सोमवार के दिन शुभ संयोग में हरतालिका तीज मनाई जाएगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने यह व्रत रखा था और पूजा अर्चना की थी। वहीं, इस व्रत की पूजा बिना आरती के अधूरी है। इसलिए, तीज के इस शुभ मौके पर शिव जी और माता पार्वती का आशीर्वाद पाने के लिए करें शिव जी की आरती करना भी शुभ होता है। नैनी शिव मंदीर एवं राम मंदिर मे बड़ी संख्या मे महिलाओ ने पूजा किया, उपस्थित महिलाए नीलू केशरवनी, नीतू गुप्ता, पूजा गुप्ता, रानी, रीता गुप्ता, अंजलि गुप्ता, आरती गुप्ता।

## तीज पर सुहागिनों ने पति के लंबी उम्र के लिए रखा व्रत मंदिरों में की पूजा अर्चना



**जारी।** हरितालिका तीज पर सुहागिनों ने पति के लंबी उम्र की कामना के लिए निर्जला व्रत भी महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत किया। मान्यता है. माता पार्वती ने शंकर भगवान को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था. मान्यता है कि माता पार्वती के इस तप को देखकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और इस दिन पार्वती जी की अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया.जारी क्षेत्र के बाबा गोविंद दास हनुमान मंदिर में व्रती महिलाओं ने पूजा-अर्चना की. हनुमान मंदिर में पूजा करने सुहाग के सारे सामान और फलों के साथ पहुंची नीलम और अंजना ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर व्रत किया था. यही वजह है कि महिलाएं निर्जला व्रत कर पति के लंबी उम्र की कामना करती हैं पांच साल से पति के दीघार्यु के लिए व्रत कर रहीं उन्होंने बताया कि इस व्रत में डलिया जिसमें सुहाग का सारा सामान और सामथ्य के अनुसार फल छूने की परम्परा है. महिलाएं डाल छूकर अर्पित करती हैं. गुजिया और पंजीरी बनाने का भी खासा महत्व है.हरितालिका तीज भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है. इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है. हरतालिका तीज को कई जगहों पर तीजा के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. । ये व्रत निराहार और निर्जला किया जाता है. हरितालिका तीज हरियाली और कजरी तीज के बाद मनाई जाती है. हरतालिका तीज व्रत में जल ग्रहण नहीं किया जाता है. अगले दिन सुबह पूजा के बाद जल पीकर व्रत खोलने का विधान है.। तीज की पूजा में शिव जी को धोती और अंगोछा चढ़ाया जाता है. बाद में यह सामग्री किसी ब्राह्मण को दान किया जाता है. तीज की कथा सुनने के बाद रात्रि जागरण किया जाता है. आरती के बाद सुबह माता पार्वती को सिंदूर चढ़ाया जाता है और उसके बाद हलवे का भोग लगाकर व्रत खोला जाता है.हरितालिका तीज पर माता पार्वती और भगवान शंकर की विधि-विधान से पूजा की जाती है. इस व्रत को रखने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है. कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की कामना के लिए ये व्रत रखती हैं.।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–अल्हवा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 15.05.2023 से दिनांक 25.05.2023 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 26.05.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अल्हवा में गाटा सं0 41 कोलान बस्ती तालाब की खुदाई (अमृत सरोवर) | 27.7 लाख | 1 वर्ष |

अहद अहमद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

अरविंद कुमार
ग्रा0 पं0 वि0 अधि0
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत -निविदा/2023-24/दिनांक 14.05.2023

## खबर संक्षेप

### इफको को मिला ऊर्जा प्रबन्धन पुरस्कार

**फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई ने अपने संयंत्र में कम ऊर्जा की खपत कर उसका सही उपयोग करते हुए ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। हैदराबाद में भारतीय उद्योग परिसंघ ने ऊर्जा प्रबंधन में 24 वें राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा सोमवार को किया। जिसमें इफको फूलपुर-1 ने कुशल ऊर्जा प्रबंधन का पुरस्कार तथा इफको फूलपुर-2 ने उत्कृष्ट ऊर्जा प्रबंधन का पुरस्कार प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर इफको प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने ट्विटर पर इफको फूलपुर इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया तथा उनकी टीम को बधाई दी। यह पुरस्कार ऊर्जा के क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए दिया जाता है। इफको फूलपुर इकाई के जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी ने बताया कि ऊर्जा दक्षता परिषद के अध्यक्ष रवि चंद्रन पुरुषोत्तमन व कार्यकारी निदेशक के एस वेंकटगिरी ने पुरस्कारों की घोषणा की।

# दारागंज में महिला को डंपर ने रौंदा, मौत

## स्कूटी से जाते वक्त कुचला, कुशीनगर से बहन से मिलने आई थी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दारागंज थानाक्षेत्र में सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में मेहरुननिशा (44) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बहन नूरबानो बाल बाल बच गईं। मेहरुननिशा कुशीनगर की रहने वाली थीं और प्रयागराज के दारागंज में रहने वाली अपनी बहन नूरबानों से मिलने आई थीं।यह हादसा अलोपीबाग देवी मंदिर के पास उस समय शाम 5 बजे के करीब उस समय हुआ जब वो अपनी बहन के साथ स्कूटी से बाजार जा रही थीं। नगर निगम के डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी और मेहरुननिशा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि देखने वालों की रूह कांप गई।डंपर की चपेट में आने से मेहरुनिशा की अंतड़ियां तक पेट से बाहर आ गई थीं। मौके पर पहुंची दारागंज पुलिस ने किसी तरह से शव को वहां से उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट लिखकर पुलिस इस मामले में आगे की काईवाई होगी।



### महज चार घंटे में बरामद कर ली गई अपहर्ता

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे मुक्त करवाया। इस मामले की जानकारी देते हुए एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। पुलिस ने धारा 363, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया और छानबीन शुरू कर दी। उपनिरीक्षक विवेक कुमार राय ने अपनी टीम के साथ प्राथमिक जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया और अपहर्ता को महज चार घंटे के अंदर ही बरामद कर लिया। अपहर्ता की सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने आगे की विधिक कार्यवाही की। शंकरगढ़ थाने के एसआई संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल प्रभुनारायण पांडेय व पुत्ती लाल ने चार लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। एसआई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बलाई पुत्र छोटेलाल (निवासी बैरिहा, सलैया), सत्यदेव पुत्र जवाहरलाल (देवरा), विवेक कुमार पुत्र सत्यभान (देवरा) और गोलू कोल पुत्र मोहित लाल कोल (मौहरिया) का 151, 107, 116 में चालान किया गया है।

# हाईकोर्ट ने जांच पर खड़े किए सवाल, कहा- घटना की सही तरीके से जांच नहीं हुई है

### हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज का मामला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के मामले की सोमवार को सुनवाई की। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की डबल बेंच ने जांच पर सवाल खड़े किए। कहा कि घटना की सही तरीके से जांच नहीं कराई गई। चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस एमसी त्रिपाठी की डिवीजन बेंच में इस केस की सुनवाई हुई। अब इस केस की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी।

**मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अंतरिम रिपोर्ट पेश की :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के मामले की सुनवाई की। इस दौरान स्पेशल इन्वेस्टिगशन टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की। इस रिपोर्ट को देखने के बाद चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने कई सवाल किए जिसका एसआईटी संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। सरकारी अधिवक्ता ने जवाब दिया कि यह घटना से जुड़े शुरूआती तथ्य हैं। जांच अभी भी जारी है।हापुड़ बार एसोसिशन की तरफ से कहा गया कि जिम्मेदार इंस्पेक्टर को मेरठ पुलिस लाइन से कहीं दूसरी जगह ट्रांसफर किया जाए। कोर्ट को बताया गया कि रिटायर्ड जिला जज हरिनाथ पांडेय की अध्यक्षता में एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है। यूपी सरकार ने मामले की जांच के लिएएसआईटी गठित की है। 12 अक्टूबर को अब इस केस की अगली सुनवाई होगी।

**घटना के विरोध में वकील 15 दिन हड़ताल पर रहे :** हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में समूचे उत्तर प्रदेश के वकील करीब 15 दिनों तक हड़ताल पर थे। हालांकि चीफ सेक्रेटरी से वार्ता के बाद वकीलों की हड़ताल भी अब खत्म हो गई है। हाईकोर्ट ने भी मामले की जांच के लिए एक न्यायिक कमेटी गठित की हुई है। 16 सितंबर को न्यायिक कमेटी की बैठक भी हो चुकी है।

### ट्रेन में यात्री का छूटा एक लाख रुपये से भरा बैग, आरपीएफ ने लौटाया

**प्रयागराज।** जंक्शन पर ट्रेन में छूटे यात्री के बैग को आरपीएफ ने सकुशल बरामद कर उन्हें वापस किया। बैग में एक लाख रुपये नकद और दो कीमती चश्मे थे। यात्री की सूचना पर चलाए गए सर्च आपरेशन के दौरान कोच से बैग बरामद किया गया। इसके बाद बुलाकर उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ के इस तत्परता की काफी सराहना की गई। मुख्य सुरक्षा आयुक्त एएन सिन्हा ने आरपीएफ को सूचित किया कि गाड़ी संख्या 12418 के एच-1 कोच में रेलवे के एनसीआर रेलवे के रिटायर्ड प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक विनीत अग्रवाल का बैग छूट गया है। जिसमें ढाई लाख रुपये और दो कीमती चश्मे हैं। सूचना पर तत्पर हुई आरपीएफ ने कोच की सघन तलाशी ली। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विजय प्रकाश पंडित की देखरेख में चलाए गए इस सर्च आपरेशन में उप निरीक्षक ओम प्रकाश और अन्य सदस्यों ने कोच से एक छोटा पर्स बरामद किया।तलाशी के दौरान बैग में एक लाख रुपये मिले। इस संबंध में कोच के आन ड्यूटी कोच अटेंडेंट एवं इलेक्ट्रिशियन से भी पूछताछ की गई। इसकी जानकारी यात्री विनीत अग्रवाल को दी गई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मौके पर पहुंचे विनीत ने बताया कि बैग में एक लाख रुपये ही थे। शेष डेढ़ लाख रुपये दूसरे बैग में रख दिए थे जो सुरक्षित हैं। उप निरीक्षक द्वारा उन्हें उनका बैग सुपुर्द किया गया।

## न्यूज झरोखा

### पहली माहे रबीउल अव्वल पर विशेष "सरकार की आमद मरहबा"

#### पैगम्बरे इस्लाम की माहे विलादत के चांद नमुदार होते ही सजी मस्जिदें



**झूंसी।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मदे मुस्तफा (स०अ०व०) की यौमे विलादत के महीने रबीउल अव्वल के चांद दिखाई देने के साथ ही मस्जिदों को रंगीन झालरों कुमकुमों व आकर्षक रंग बिरंगे कागजी फूलों से सजावट कर दी गई वहीं मस्जिद खानकाह ए अजमली में नात ओ सलाम के साथ नारा ए तकबीर नारा ए रिसालत से रुमानियत देखने लायक रहीं सज्जादानशीन जर्रार फाखरी व नायब सज्जादानशीन अरशद फाखरी की कयादत में नात ओ सलाम पढ़ा गया।शायरों ने एक से बढ़ कर एक नातिया कलाम से दाद बटोरी ।उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक शनिवार को माहे रबीउल अव्वल का चांद नमुदार हो गया रविवार को पहली रबीउल अव्वल के मौके पर चौक जामा मस्जिद ,दायरा शाह अजमल खानकाह मस्जिद ,अटाला की बड़ी मस्जिद ,लतर वाली मस्जिद सहित सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में आकर्षक लाईटों से मस्जिदें आमदे रसूल के जश्न से नहा गईं।अस्करी के अनुसार 27 सितम्बर को शहर भर के मुस्लिम इलाकों जहां जगहां जगहां से आमदे रसूल पर जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा तो वहीं पूरी रात नातो सलाम की रुहानी महफि ल भी सजेगी।

#### पानी टंकी की सफाई से कॉलोनी वासियों में खुशी , महापौर को बधाई



**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी में वर्षों से चली आ रही शुद्ध पेयजल आपूर्ति की समस्या से त्रस्त कॉलोनी वासियों ने अवंतिका विकास समिति के माध्यम से अपनी आवाज शासन तक पहुंचाया परिणाम स्वरुप ए ब्लॉक पानी की टंकी जिसकी सफाई दशकों से नहीं हुई थी उसकी सफाई का कार्य गत एक सप्ताह से चल रहा है अब लोगों में आस जगी है कि पर्याप्त व शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यसमिति के सदस्य विनोद शंकर तिवारी ने बताया कि चार दशक पूर्व बनी पानी की टंकी की सफाई विगत 20 वर्षों से न होने के कारण टंकी का अधिकांश भाग मिट्टी व बालू से भर गया था जिससे जल संग्रह की क्षमता खत्म सी हो गई थी जिससे पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा था वही बदबूदार पानी पीने को लोग मजबूर थे। अवंतिका विकास समिति ने टंकी की सफाई की समस्या के त्वरित समाधान कराने हेतु प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी का आभार व्यक्त किया है। जलकल विभाग के अधिकारियों को भी समुचित ढंग से कार्य कराने हेतु धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र प्रताप सिंह, बद्री प्रसाद मिश्र, गंगा प्रसाद ठाकुर , ओम प्रकाश मिश्र , विनोद शंकर तिवारी , शिव शंकर पाण्डेय, संजीव गुप्ता, सुनील साहनी , अशोक जायसवाल , सुनील श्रीवास्तव , एन पी मिश्र, डी के सिंह, अनिल द्विवेदी, मीना जायसवाल , बिन्दू राठौड़ आदि शामिल रहे।

#### स्वास्थ्य केंद्र चाका में पीएम के जन्मदिन पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**नैनी।** नैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर जिले में पहला आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका में किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एसपी सिंह एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आशु पांडे द्वारा किया गया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केअधीक्षक अधीक्षक डॉ. हेमंत सिंह एवं उनकी टीम मौजूद है। मेले में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सिको द्वारा 411 मरीजो को परामर्श के साथ 118 मरीजो की जांच भी कराई गई। स्वास्थ्य मेले में डॉ. अभिषेक द्विवेदी, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. रुबी गुप्ता, डॉ. एसके शुक्ला समेत दर्जनों चिकित्सको की टीम मौजूद थी।

### घर में घुस कर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात, किया पार

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में चोरो के हौसले पूरी तरह बुलंद है।अज्ञात चोरो ने कमरे में घुस कर अलमारी तोड़ कर लाखो के जेवरात पर किया हाथ साफ पुलिस ने भुक्त भोगी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाने में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मोहम्मद पुर सराय अली गांव निवासी मो मोकीम पुत्र स्व रमजान अली के मुताबिक 15सितंबर को उनका परिवार बाउंड्री में सो रहा था । मौका देख चोर कमरे में घुस गए कमरे में रखा अलमारी का लॉकर तोड़ कर जिस में रखा गहना जेवरात चांदी का पौजेब ,सोने का मंगल सूत्र, सोने की अंगूठी, सोने का हार, चांदी का पाव पट्टी तीन जोड़ा, सोने का माथ वेदा दो जोड़ी, दो जड़ी वाला पट्टी आदि लाखो का जेवरात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जब सुबह परिवार उठा तो देखा कि कमरे में अलमारी में रखा सारा जेवरात चोरी हो गया है। तत्काल 112 नंबर डायल किया गया। सूचना पर पहुची पुलिस जांच पड़ताल कर तहरीर देने की बात कही। मो. मोकीम ने थाने में तहरीर दी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोर का पता लगाने में जुट गई है।

# किसी प्रत्याशी के पीछे चलकर अपने चरित्र का हनन मत करिए : जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता मे भाजपा यमुनापार जिले की प्रथम बैठक रामपुर में सम्पन्न



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू सेवा पखवाड़ा व मन की बात कार्यक्रम को लेकर योजनात्मक बैठक सोमवार को भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में वृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर करछना में आयोजित हुई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर 2023 महात्मा गांधी के जन्म जयंती तक प्रत्येक दिन सेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने है। जिसको हम सभी कार्यकताओं को लगकर सफल बनाना है। सभी कार्यकर्ता घर-घर प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर कमल के फूल को प्रत्याशी मानकर अभी से चुनाव में जुट जाएं, जिससे सनातनधर्म, राष्ट्रवाद, विकास की गूंज विश्वपटल पर गूंजे, और मोदी जी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्वगुरु बन सके। जिलाध्यक्ष ने कहा सभी का सम्मान होगा यदि कहीं भूल-चूक हो तो अवगत कराएं सुधार किया जाएगा। लेकिन संगठन में कौन आएगा कौन जाएगा इसे छोड़कर संगठनात्मक कार्यो को पूरा करें। किसी प्रत्याशी के पीछे चलकर अपने चरित्र का हनन मत करिए ऐसा मेरा सुझाव है। विना दिशानिर्देश किसी प्रत्याशी के स्वागत समारोह आयोजित करने से बचें। घर में स्वागत करिए, पर किसी प्रत्याशी के गाड़ी में बैठ प्रचार स्वीकार्य नहीं होगा। मन की बात के जिला संयोजक जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों से 24 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹मन की बात₹ यमुनापार के 1435 बूथों पर सुनने का अनूरोध किया। सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम के बाद दो चयनित फोटो सरल एप्प पर अपलोड करें जिससे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यमुनापार जिला एक नम्बर पर रहे। सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक जिला महामंत्री राजेश शुक्ल ने संचालन करते हुए विषय को रखा। जिला महामंत्री डॉ.विजय शंकर शुक्ला, जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य,जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे,ज्ञान सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, संतोष त्रिपाठी,जय सिंह पटेल, अशोक पांडे, जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, शिवराम सिंह परिहार, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, सुधाकर पांडे, राजमणि पासवान, सविता मिश्रा, मंडल अध्यक्ष करछना पंकज द्विवेदी के साथ सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष ने बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन करते हुए अपने-अपने विचारों को रखा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम के पाल्सी नंबर 315601198 में भूलवश सुनीता देवी लिखा है जो गलत है सही नाम अनीता देवी पत्नी अमर सिंह निवासी भीखम पुर मजरा चंदवारी मूरत गंज जनपद कोशांबी है सही नाम अनीता देवी पॉलिसी नंबर 315601198 को इसी नाम से जाना जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण की सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1589 673 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है जिस किसी सज्जन को मिले नीचे लिखे पते पर पहुंचने का कष्ट करें ।

**सुधीर कुमार सेन**
**पुत्र बांकेलाल सेन निवासी**
**बकोढवा बंथरी थाना सराय**
**अकिल जनपद कौशांबी**

# लापता युवक का जंगल में मिला शव परिजनों ने किया चक्का जाम

### पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को दे दी गई बॉडी, पुलिस ने समझा बूझकर कराया शांत



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** खीरी से लापता हुए युवक की कोरांव के बैठकवा पहाड़ी पर शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। जानकारी के मुताबिक खीरी थाना क्षेत्र के धनेष्ठा गांव निवासी उत्कर्ष (22) पुत्र जगनारायण पिछले 11 सितंबर को घर से निकला था और लापता हो गया था। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी कहीं कुछ अता-पता न चलने पर 13 सितंबर को खीरी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बीच शनिवार को कोरांव के बैठकवा गांव के पहाड़ी पर एक युवक का शव मिला। जिसके शरीर पर चोट के निशान थे। युवक की शिनाख्त न होने पर कोरांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इधर रविवार को जब उत्कर्ष के परिजनों को कोरांव में मिले शव के बारे में जानकारी हुई तो उसकी पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। शव देखकर दावा किया कि उनका ही लापता बेटे उत्कर्ष का शव है। इसके बाद पुलिस ने कहा कि सोमवार को पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई होगी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव परिजनों को सौंप दिया गया तब आक्रोशित परिजनों ने खीरी थाना क्षेत्र के इटवा कला चौराहे पर शव रख कर चक्का जाम कर दिया। जहां पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस के समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने मृतक उत्कर्ष का दाह संस्कार कर दिया।

# गृहकर निर्धारण कैम्पों में त्वरित निस्तारण के दिए गए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा वृहद स्तर पर चलाये जा रहे स्वकर निर्धारण एवं गृहकर वसूली कार्यवायी में सोमवार को लगाये गये कैम्पों में 44 भवन स्वामियों द्वारा स्वकर रिर्टन भर कर दाखिल किया गया जिसके एवज में 80 भवन स्वामियों द्वारा रू0-3,22,978-00 गृहकर जमा किया गया। अब तक कुल 1501 लोगों द्वारा अपने भवन का स्वकर रिर्टन दाखिल किया गया है, जिसमें से 1303 लोगों द्वारा कुल रू0-54,70,545-00 गृहकर जमा किया गया। नगर आयुक्त द्वारा सभी कर अधीक्षकों को निर्देशित किया कि गृहकर निस्तारण कैम्पों में स्वकर निर्धारण रिटर्न की संख्या प्रतिदिन बढती जा रही है जिसे अविलम्ब निस्तारण कराया जाये, किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, वृहद प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम नागरिकों को जागरूक कराएं जिससे भवन स्वामियों को गृहकर के छूट का लाभ प्राप्त हो सके।



### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राष्ट्रीय अंतरिम व्यवसायिक प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 061182 68 वा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 1993 अनुक्रमांक 0728997 का अंक पत्र वा प्रमाण पत्र तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 1996 अनुक्रमांक 0910815 का अंक पत्र वा प्रमाण पत्र कहीं रास्ते में खो गया है खोजने के बाद नहीं मिला है जिस सज्जन को मिले नीचे लिखे पत्ते पर पहुंचने का कष्ट करें।

**शशि भूषण सिंह पुत्र राम**
**भवन सिंह निवासी सेवकुपुर**
**तहसील मंझनपुर जनपद**
**कौशांबी**

# झोलाछाप ने पथरी का ऑपरेशन कर युवक की ले ली जान

## कोरांव के हरि ओम मेडिकेयर का मामला परिजनों ने जमकर काटा हंगामा, मौत के सौदागरों ने कीमत लगाकर कर लिया समझौता



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोरांव बाजार के एक निजी अस्पताल के झोलाछाप डॉक्टर ने पथरी का ऑपरेशन होने से युवक की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा काटा। जानकारी के मुताबिक नागेश्वर सिंह (22) पुत्र हरिश्चंद्र सिंह निवासी बेलहट थाना कोरांव को बीते शनिवार को पेट दर्द होने लगा। जिसके बाद परिजनो के द्वारा कोरांव के निजी अस्पताल हरि ओम मेडिकेयर में जांच कराने के बाद बताया गया कि पेट में पथरी है। हरिओम मेडिकेयर के अप्रशिक्षित चिकित्सकों ने प्रयागराज के महावीर अस्पताल में ले जाकर पथरी का ऑपरेशन कराने के बाद शनिवार को ही नागेश्वर को पुनः कोरांव के निजी अस्पताल में उठा ले आए। रविवार शाम को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह सीरियस हो गया। उन्होंने ने बताया कि मरीज बेड पर ही हाथ और पैर पटकने लगा तो चिकित्सकों ने उसके हाथ और पैर को भी बांध रखा था। स्थिति काबू में न आने पर उसे पुनः प्रयागराज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मृत घोषित करते ही निजी अस्पताल का साथ गया चिकित्सक रात में ही मरीज को छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद परिजनों ने शव को लेकर 3 बजे भोर कोरांव के निजी अस्पताल पर पहुंच गए। शव सड़क पर रख हंगामा करते हुए कुछ समय के लिए कोरांव मेजा मार्ग को बाधित कर दिया। चक्का जाम की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगी लेकिन अक्रोशित परिजनों ने उनकी एक भी न सुनी। सोमवार को 3 बजे भोर से लेकर सुबह 8 बजे तक अस्पताल पर हंगामा होता रहा। मृतक के परिजन अस्पताल के सामने ही दहाड़े मार कर रो रहे थे मृतक नागेश्वर दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित परिजनों को समझा कर अस्पताल के दो कथित चिकित्सकों को हिरासत में लिया। तब जाकर हंगामा खत्म हुआ। चर्चा रही की मौत के सौदागर कथित चिकित्सक कीमत लगाकर मामले में सुलह समझौता कर लिया। मृतक के परिजनों व कथित चिकित्सकों के बीच थाने पर काफी देर तक सुलह समझौते के लिए पंचायत चलती रही।

### 2021 में इसी झोलाछाप चिकित्सक ने एक महिला की ले ली थी जान

कोरांव। जिस हरिओम मेडिकेयर अस्पताल में पथरी के इलाज के बाद नागेश्वर सिंह की मौत हो गई। यह अस्पताल वर्तमान में कोराव बाजार के मेजा वाली रोड पर संचालित हो रहा है। वर्ष 2021 में यह अस्पताल कोरांव बाजार के लेडियारी रोड तिराहे के पास देवघाट रोड पर बिना पंजीयन के ही संचालित हो रहा था। इस अस्पताल के संचालक अखिलेश पाल के पास मेडिकल की कोई डिग्री नहीं है। फिर भी जांच से लेकर ऑपरेशन तक का ठेका लेकर मरीजों की जान का सौदागर बना हुआ है। 25 अक्टूबर 2021 को ढाबा गौतमान थाना हनुमान जिला रीवा मध्य प्रदेश निवासिनी किरण पत्नी बैजनाथ के पेट में दर्द की शिकायत थी। जहां उपचार कराने आई हुई थी। उस समय भी महिला की अस्पताल पर ही मौत हो गई थी। जहां परिजनों के द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि हरिओम मेडिकेयर का संचालक खुद महिला का पेट फाड़ दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। विभागीय अधिकारियों के रहमों करम पर नियमों को तक पर रख संचालित हो रहे इस अस्पताल किसी चिकित्सक के न बैठने की भी चर्चा हो रही थी। उक्त अस्पताल को तीन लोग मिलकर साझेदारी में चलाते हैं। जिन तीन लोगों के द्वारा अस्पताल का संचालन किया जा रहा है किसी के भी पास मेडिकल की कोई डिग्री नहीं है। कोरांव बाजार समेत क्षेत्र के छोटे-बड़े अन्य बाजारों में दर्जन भर से अधिक ऐसे अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। जहां पर सिर्फ झोलाछाप ही ऑपरेशन से लेकर जांच तक ठेका लेकर उपचार कर रहे हैं। जिसका नतीजा है कि आए दिन इस प्रकार से घटनाएं घटित होती रहती हैं। जिम्मेदार इस प्रकार से संचालित हो रही अस्पतालों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। प्रतीत होता है कि इस प्रकार के अस्पतालों से जिम्मेदार अधिकारियों को माहवारी सुविधा शुल्क मिला करता होगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–अल्हवा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 19.09.2023 से दिनांक 02.10.2023 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03.10.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अल्हवा में पाल बस्ती में इण्टरलाकिंग कार्य | 6.3 लाख | 2 माह |
| 2. | मनरेगा | अल्हवा में काली सड़क से प्रा0वि0 होते हुए डाकखाना तक इण्टरलाकिंग कार्य | 16.7 लाख | 3 माह |

**अहद अहमद**
**(ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत अल्हवा**
**वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।**

**सुनील सरोज**
**ग्रा0 पं0 वि0 अधि0**
**ग्राम पंचायत अल्हवा**
**वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023-24/दिनांक 18.09.2023

# निवर्तमान जिलाधिकारी की विकास भवन सभागार में दी गई भावभीनी विदाई

### निवर्तमान जिलाधिकारी ने सभी के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**



निवर्तमान जिलाधिकारी को फूलों को गुस्ता भेंट करतीं सीडीओ ईशा प्रिया।

**प्रतापगढ़।** जनपद के निवर्तमान जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की आज विकास भवन सभागार में भावभीनी विदाई की गयी। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारीगण, जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी के कार्यकाल सराहना करते हुये उन्हें उपहार भेंट कर विदाई दी। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में जिलाधिकारी का कार्यकाल सदैव याद किया जाता रहेगा। महत्वपूर्ण अवसरों पर जिलाधिकारी ने प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुये समस्याओं का समाधान किया और हर स्तर पर सहयोग और मागदर्शन प्राप्त होता रहा।इस दौरान पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि जिलाधिकारी के साथ कार्य करने का बहुत समय तो नही मिला परन्तु आपके कार्यो एवं आमजनता के प्रति लगाव को जिस तरह से जनपदवासियों के द्वारा सराहना की गयी उससे महसूस होता है कि यदि कार्य करने का अवसर मिलता तो आगे भी बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होता। आपके साथ कार्य करके बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है, आप द्वारा सदैव प्रशासनिक एवं सामाजिक कार्यो में अच्छा संवाद बनाकर कार्य किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने निवर्तमान जिलाधिकारी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की सराहना की और कहा कि कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में आपका सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। हम सभी की ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आप जहां भी रहे स्वस्थ्य एवं खुशहाल रहें। भावुक मुद्रा में निवर्तमान जिलाधिकारी ने प्रतापगढ़ जनपद के अपने कार्यकाल के दौरान साथी अधिकारियों, कर्मचारियों, अन्य विभागीय अधिकारियों/ कर्मचारियों, जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों, समाज सेवियों, व्यापार मण्डल व अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया और आश्वासन भी दिया कि वे जहां भी रहेगें प्रतापगढ़ के अपने कार्यकाल को सदैव स्मरण करते रहेंगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, डीसी एन0आर0एल0एम0 एन0एन0 मिश्रा, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारीगण, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी की मुक्त कण्ठ से सराहना करते हुये उनके गतिशील व्यक्तित्व के विभिन्न पहुलओं की खुले मन से सराहना की।

## पट्टी कोतवाली से ट्रांसफर हुए पुलिस कर्मियों की हुई विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद के अलग-अलग थानों में कई वर्ष से तैनात पुलिसकर्मियों को अलग-अलग थानों पर जहां नई तैनाती दी गई है तो वही साथी पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रांसफर हुए पुलिसकर्मियों को माला पहनकर मुंह मीठा कराते हुए विदा किया गया। बता दे की पट्टी कोतवाली में तैनात आरक्षी राहुल कुमार, सुनील कुमार, आर.पी यादव व नीरज पटेल का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा किया गया। देर शाम जारी सूची में प्रतापगढ़ जिले के अलग-अलग थानों से 100 से अधिक पुलिस कर्मियों को इधर-उधर किया गया। बता दें कि ट्रांसफर हुए पुलिस कर्मियों को साथी पुलिस कर्मियों ने भावुकता के बीच माला पहनकर मुंह मीठा कराते हुए विदा किया। इस दौरान उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, राधेश्याम सिंह, गुलाब सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, विजय कुमार सिंह, विनोद कुमार,अतर सिंह यादव, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, यज्ञ नारायण, मुकेश त्रिपाठी, प्रेमशिला, कीर्ति शुक्ला, के साथ तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

## भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

### 80 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवारा के रुप में पार्टी मना रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय बाबागंज में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो विमलेश पटेल ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। भाजयुमो द्वारा अयोजित रक्तदान शिविर में लिए लगभग 80 रक्त दाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्त देने वालो को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, सुजीत पाण्डेय, मनोज यादव, शुभम सिंह, विकास विक्रम सिंह, विक्रम सिंह, अर्पित तिवारी, सुनील सरोज, रजत सक्सेना, नितेश सिंह, मयंक सिंह, रोहित त्रिपाठी, आलोक अग्रहरी, शैलेष मिश्रा, अभिषेक, राहुल, अविनाश सिंह चंदन, शिवम दुबे, विनय मिश्रा एवम समस्त कार्यकत्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक ही साथ, एक ही कब्र में सदासर्वदा के लिए गुम हो गयी सगे भाईयों की मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** काल की निष्ठुरता तथा मासूमों की हंसी पर नियति के क्रूर चक्र ने दो सगे भाईयों को आपस में हंसते खेलते देख जाने कैसा खेल खेला। नियति शायद खुद भी अपने पर सोमवार को तरस खा रही होगी कि जिन मासूमों की हंसी ठिठोली एक साथ घर के आंगन में खुशियां चहका रही थी। वहीं मासूम हंसीठिठोली खामोशी का चादर ओढ़े एक ही साथ एक ही कब्र में सदासर्वदा के लिए गुमसुम हो उठीं...। सर्पदंश से एक ही परिवार के दो नौनिहालों की मौत को लेकर दूसरे दिन सोमवार को भी परिजनों को विलाप तथा रूदन में देखा गया। दो सगे भाईयों की हुई मौत को लेकर गांव में भी मातम का माहौल ज्यों का त्यों बना हुआ है। रविवार की देर रात हरियाणा से मृतक बच्चों के पिता वापस घर पहुंचे।

सोमवार को दुखी परिजनों व ग्रामीणों के साथ बच्चों का गांव में ही एक ही कब्र में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के समय परिजन फूट फूट कर रोने लगे तो गांव के लोगों की भी आंखे भर आयी। सर्पदंश से दो सगे भाईयों की मौत से मां का कलेजा एक बार फिर शव उठने पर कांप उठा। उसे शायद अब भी नियति के इस क्रूरता के खेल का अहसास नहीं हो पा रहा था। बच्चों के शव से लिपट कर फूट फूट कर रो रही मां के आंसुओं की धार मानो विधाता से असहाय सवाल कर रहे हों कि गरीब की झोली में खुशियां आखिर किस अभिशाप से आज छिन गयी। पिता का दर्द भी अपने बुढ़ापे के एक साथ दो के दोनों सहारों के खुद बेसहारा होने को लेकर जैसे खुद को सांप सूंघ गया हो। क्षेत्रीय लेखपाल रवीन्द्र भी मौके पर पहुंचे और सर्पदंश से हुई मौतों की जानकारियां ली। बतादें लालगंज के धधुआ गाजन गांव में शनिवार की रात गांव के बबलू यादव के पुत्र अगम 08 तथा अर्नव 05 को सोते समय सांप ने काट लिया था। दोनों बच्चों की रविवार को सांसे थम गयी।

### मामूली विवाद में आरोपियों में अधेड़ को किया लहूलुहान

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मामूली विवाद में पड़ोसी आरोपियों में एक अधेड़ को लाठी डंडों से मारपीट कर बुरी तरीके से जख्मी कर दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र की धनगढ़ सराय छिवलहा के रहने वाले तेज बहादुर यादव को उनके पड़ोसियों ने मामूली विभाग में लाठी डंडों से मारपीट कर बुरी तरीके से जख्मी किया जिससे उसे काफी चोटे आई। शोर शराबा करने पर लोगों ने बीच बचाव किया, जिससे उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी में इलाज कराया उसके बाद पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सेवा भारती द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का आयोजन 22 से

### प्रेसवार्ता कर डा0 सौरभ ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



प्रेसवार्ता में बोलते कार्यक्रम के सह संयोजक शिशिर खरे।

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती, काशी प्रांत द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा के सफल आयोजन के लिये प्रतापगढ़ में सेवा भारती द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर (सायं 3 बजे से 7 बजे तक) किशोरी सदन में किया गया है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सह संयोजक शिशिर खरे ने बताया कि कथा में मानस मर्मज्ञ पूज्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज, धाम वृन्दावन के श्रीमुख से राम कथा के श्रावण करने का शुभ अवसर प्राप्त होने जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में संयोजक समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। पत्रकार बन्धुओं को संबोधित करते हुए संयोजक डॉ. सौरभ पांडेय ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदू स्वराज के लिए संघर्ष किया। उन्होंने एक विशिष्ट प्रकार के युद्ध कौशल की रचना की और अपने रणनीति कौशल से हिंदू साम्राज्य की स्थापना की। छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदू साम्राज्य स्थापना का 350 वाँ वर्ष चल रहा है, जिसके क्रम में उनके जीवन से संबंधित नाट्य मंचन जाणता राजा का आयोजन काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फी थियेटर मैदान में आने वाले समय में होने जा रहा है। उसी क्रम में प्रतापगढ़ में श्री राम कथा आयोजित हो रही है। भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम थे, जिस प्रकार भगवान श्री रामचंद्र जी के जीवन में अनेक प्रकार के संघर्ष के बाद जब उनका राज्याभिषेक हुआ तो रामराज्य की परिकल्पना आज हम सबके मानस पर अंकित है। प्रेस वार्ता में गोविंद खंडेलवाल, नितेश खंडेलवाल, अश्विनी केशरवानी, शरद केसरवानी, गिरिजा शंकर मिश्रा, शिव शंकर सिंह, कृष्णकांत मिश्रा, डॉ. पियूषकांत शर्मा, शिशिर खरे, डॉ. रंगनाथ शुक्ल, भूपेश त्रिपाठी, रतन चन्द्र जैन आदि उपस्थित हुए।

## खेल से होता है नौजवानो का सर्वांगीण विकासः पुलिस अधीक्षक

### प्रतापगढ़ स्टेडियम एमकेबी बनी स्व. प्रशांत शुक्ल स्मारक फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता

**अखंड भारत संदेश**



स्व0 प्रशांत शुक्ल के चित्र पर श्रद्धांजलि देते एसपी सतपाल अंतिल।

**प्रतापगढ़।** स्वर्गीय प्रशांत कुमार शुक्ल स्मारक आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ स्टेडियम एमकेबी ने बटहा स्पोर्टिंग क्लब मऊआइमा को तीन-एक से पराजित कर विजेता बनी। प्रतापगढ़ स्टेडियम टीम के खिलाड़ी आस्तिक प्रताप सिंह ने सर्वाधिक गोल करके गोल्डन बूट का पुरस्कार प्राप्त किया जबकि शिवम पांडे को वेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार गोल्डन ग्लव्स का खिताब मिला।

पहले सेमीफाइनल में प्रतापगढ़ स्टेडियम एमकेबी ने पेनाल्टी शूट आउट से मऊआइमा की टीम को हराया। दोनों ही टीमों का मैच एक-एक से बराबर पर रहा। पेनाल्टी शूटआउट से मैच का निर्णय हुआ। प्रतापगढ़ स्टेडियम की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में तीन-एक से मैच अपने पाले में किया। प्रतापगढ़ स्टेडियम की ओर से आस्तिक प्रताप, पुष्कर एवं आशु ने एक-एक गोल दागे जबकि अनुराग ने फील्ड गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल में भी विजेता का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से ही हुआ। दोनों ही टीमों का मैच एक-एक गोल की बराबरी पर रहा। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट से हुआ। जिसमें बटहा ने चार-एक से मैच जीता। फाइनल मैच में प्रतापगढ़ स्टेडियम की टीम के अनुराग, अनवर एवं आस्तिक ने एक-एक गोल किया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ कराया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ ही नौजवानों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल को पूरे मनोयोग एवं समर्पण के साथ खेलें। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल एवं शिक्षिका प्राची पांडे ने किया। प्रतियोगिता के आयोजक निशांत शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ सी एन पांडे, आशुतोष त्रिपाठी, अनूप ओझा, आशुतोष सिंह, प्राची देसाई, नीती शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, मोहित शुक्ल, सुयश पांडे, छोटू आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पप्पू( रमेश जानी), अखिलेश प्रताप ,रोमी, विकास कुमार एवं सौरभ ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

### अज्ञात चोरों ने चालीस हजार नकद समेत उड़ाये लाखों के गहने, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने रविवार की रात छत के सहारे घर के अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लालगंज कोतवाली के लालूपुर निवासी राजाराम वर्मा के पुत्र सुरेश वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्रह सितंबर की रात परिवार के सदस्य खाना खाकर सो गये। देर रात बदमाश घर में छत पर चढ़कर अंदर आ गये। बदमाशों ने परिवार के सदस्यों के कमरे को बाहर से बंद कर लिया। इसके बाद बदमाशों ने घर में रखे चालीस हजार रुपए नकद तथा महिलाओं के सोने चांदी के लाखों के आभूषण उडा लिये। चोरों ने घर में पीड़ित की मां की पेटी व रामायण की पुस्तक में रखे दस हजार रुपए व गाडी की डिग्गी में रखे तीस हजार रुपए उडा लिये। हालांकि चोरों की गतिविधियां पीडित के भाई के घर में लगे सीसी फुटेज में कैद हो गयी हैं। पीड़ित ने सोमवार को थाने में चोरी की घटना की तहरीर सौपी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, घटना की जांच की जा रही है।

## हैप्पी टाइम स्कूल के बच्चों ने लखनऊ चिड़ियाघर का उठाया लुत्फ

### रविवार को टूर पर गये बच्चों ने देखा ऐलीफैन्ट पार्क

**अखंड भारत संदेश**



लखनऊ चिड़ियाघर के सामने मौजूद हैप्पी टाइम स्कूल के बच्चे व शिक्षकगण।

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल के बच्चों ने रविवार को लखनऊ के चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जानवरों व पशु-पक्षियों को देखकर कई घंटे तक उसका लुत्फ उठाया। बच्चों ने चीता, बाघ, शेर, अजगर सांप, हिरन, गिद्ध सहित अनेक प्रजातियों के जानवरों को देखते रहे।

लगभग तीन घंटे तक लखनऊ चिड़ियाघर में छात्र-छात्राओं ने खूब चहलकदमी की। उसके बाद हाथी पार्क देखने पहुंचे, जहां बच्चों को यह जिज्ञासा थी कि इतने बडे-बडे.हाथी आखिर यहां कैसे पहुंचे। बहरहाल शिक्षिकाओं ने उन्हें समझा-बुझाकर उनकी जिज्ञासा शांत थी। बच्चों का यह विशेष दल रविवार की प्रातः बस द्वारा निकला था और लगभग दस बजे लखनऊ पहुंचकर अपरान्ह तीन बजे तक खूब लुत्फ उठाया। प्रमुख छात्र-छात्राओं के इस दल में आन्या, प्रज्ञा, अभिषेक, अरहम, काव्या, सृष्टि, निधि, अलीजा, वैभव, रुद्र, सरिता, कोमल, सिद्धि, सृष्टि, युवराज, आदेश, अराधना, अराध्य, राधिका, अनामिका, अश्विनी, आर्यन, आशुतोष, नव्या आदि रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र मिश्र ने बताया कि बच्चे लखनऊ चिड़ियाघर देखकर बहुत खुश थे। बच्चों को प्रतापगढ़ से लखनऊ ले जाने की व्यवस्था में प्रियांशी पाण्डेय, उमेश श्रीवास्तव, राज सिंह, सीमा पटेल, सृष्टि तिवारी आदि ने सहयोग किया।

## हण्डौर ग्राम पंचायत को मिला स्वच्छ ग्राम पंचायत का सम्मान, ग्रामीणों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के लक्ष्मणपुर ब्लाक की हण्डौर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण उत्तर प्रदेश की तरफ से स्वच्छ ग्राम पंचायत सम्मान हासिल हुआ है। जानकारी मिलने पर सोमवार को ग्रामीणों के चेहरे खुशी से चहक उठे। स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक राजकुमार तथा नोडल अधिकारी एसएन सिंह ने ग्राम प्रधान नितेश सिंह को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के तहत सम्मान का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत को तेलंगाना राज्य की ओर से भी हण्डौर में बने अमृत सरोवर तथा मनरेगा पार्क व कचरा प्रबन्धन को लेकर प्रशस्ति पत्र हासिल हुआ है। इसके तहत प्रधान नितेश सिंह वीरू को विकास कार्यो के प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद में भेजा गया था। वहां प्रधान नितेश को ग्रामीण विकास संस्थान तेलंगाना राज्य की ओर से उत्कृष्ट प्रशिक्षण का प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधान नितेश ने गांव की उपलब्धियों को सामूहिक सहयोग व संकल्पशक्ति की सफलता कहा है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष बनने के बाद भगवान चित्रगुप्त मंदिर में टेका मत्था

### कायस्थ समाज के लोगों ने जिलाध्यक्ष का किया अभिनंदन

**अखंड भारत संदेश**



भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजन-अर्चन करते जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव

**प्रतापगढ़।** नगर के जेल रोड स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी का नव नियुक्त भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने पूजा अर्चना कर दिव्य और भव्य आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर कायस्थ परिवार के बुजुर्गों और मातृ शक्तियों का आशीर्वाद प्राप्त किया और अनुजों और सहोदरो का संबल प्राप्त किया। कायस्थ परिवार ने इस अवसर पर उनका अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर जिला कायस्थ सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार खरे, डॉक्टर शंकर सहाय, अशोक श्रीवास्तव, संत प्रसाद श्रीवास्तव, डॉक्टर अनिल कुमार खरे, शिशिर खरे, राजीव सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, अनुपम खरे, बृजेश श्रीवास्तव बच्चन, राजेंद्र श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव, डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, रजत सक्सेना, राजीव श्रीवास्तव, केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष चैधरी जितेंद्र नाथ के पुत्र सौरभ श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, द्वारिका प्रदीप श्रीवास्तव, पट्टी और रानीगंज तहसील क्षेत्र के कायस्थ परिवार के साथीगण मातृ शक्तियों में कमला श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव, दिव्यांश श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में कायस्थ परिवार के सदस्य एवम साथीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

# तिहरे हत्याकांड के मृतक आश्रितों को सरकार ने दिया आर्थिक मदद

**अखंड भारत संदेश**

**मोहिउद्दीनपुर गौस में हुए तिहरे हत्याकाण्ड के पीड़ित परिवार से मिलकर मंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किया**



**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण असीम अरूण ने जनपद के ग्राम मोहिउद्दीनपुर गौस उपरहार में हुए तिहरे हत्याकाण्ड में मृतक होरीलाल पुत्र श्रीनाथ, शिवसरन पुत्र श्री रामबहादुर एवं बृजकली पत्नी शिवसरन के परिवारों से मिलकर सरकार एवं मुख्यमंत्री की तरफ से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने घटना को गम्भीरता से लिया हैं। सरकार पूरी संवेदना के साथ आपके साथ खड़ी है। सरकार द्वारा हरसम्भव सहायता मदद उपलब्ध करायी जायेंगी।

राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार ने पीड़ित परिवारों से घटना भूमि विवाद की जानकारी प्राप्त कर आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों को न्याय दिलाया जायेगा। सरकार आपके साथ खड़ी है। पुलिस की कई टीमे लगायी गई हैं। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जॉच में तकनीक और वैज्ञानिक विधि का प्रयोग कर साक्ष्य एकत्र किया जायेगा। मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में लाकर ट्रायल किया जायेगा एवं आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जायेगी। राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार ने सम्बन्धित अधिकारियों को मृतक के परिजनो की मॉग पर जॉच कराकर अवैध कब्जों को हटवाने तथा अपराधियो को तत्काल गिरफ्तार कर गहनता से पूॅछ-तॉछ करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिवार को सुरक्षा दिये जाने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से नियमानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिये। मृतक होरीलाल पुत्र श्रीनाथ, शिवसरन पुत्र रामबहादुर एवं बृजकली पत्नी शिवसरन के विधिक वारिसों में राम बहादुर पुत्र बचईलाल निवासी-काकराबाद कसिया थाना-कोखराज, सुभाषचन्द्र पासी पुत्र होरीलाल एवं श्रीमती संवारी पत्नी होरीलाल निवासी-जोत खातून छबिलवा थाना-संदीपनघाट प्रत्येक को 4 लाख 12 हजार 500 रुपए की धनराशि अनु0जाति अनु0जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मृतकों के आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और पेंशन दिए जाएंगे।

## तिहरे हत्याकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचे समाजवादी नेता



**महंगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीनपुर गौस गांव में शुक्रवार को तीन दलित समुदाय के लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी मामले की जानकारी मिलते ही समाजवादी प्रतिनिधिमंडल गांव पहुँचा और पीड़ित परिवार का दुःख साझा करते हुए पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए घटना की जानकारी ली और परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया प्रशासन और सरकार से अपील किया कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई हो प्रतिनिधि मंडल में पूर्व कैबिनेट मंत्री आर के चौधरी चायल विधायक पूजा पाल डॉ मानसिंह यादव एमएलसी डॉ रामकरण निर्मल दयाशंकर यादव आनंद मोहन पटेल माजिद अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मृतकों के घर पहुंचे नेता, नहीं निकली फूटी कौड़ी

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में शुक्रवार को दलित परिवार के तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दिए जाने के बाद उनके घर सांत्वना देने के बहाने पहुंचने वाले नेता राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाने वाले नेताओं के जेब से फूटी कौड़ी नहीं निकल रही है किसी पीड़ित के घर पहुंचने के पूर्व उसके सम्मान में मिठाई फल भी पीड़ितों के घर ले जाने की जानकारी इन नेताओं को शायद नहीं है केवल मुंह से मदद की बातें की जा रही है इसी के आड़ में राजनीतिक रोटियां सेकी जा रही है मृतकों के घर पहुंचने के बाद पीड़ितों का दुख दर्द बांटने के बजाए यह नेता उनके दुख दर्द को कुरेद कर उनकी पीड़ा बढ़ा रहे हैं आखिर इन नेताओं को शर्म आनी चाहिए कि वह मृतक के घर पहुंच कर मदद का ड्रामा कर फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया में वायरल कर झूठे हिमायती बनने का ढोंग कर रहे हैं बार-बार घटना को पूछे जाने से मृतक परिवार के घाव ताजे हो रहे है राजनीतिक रोटी सेक कर सत्ता पक्ष को बदनाम कर रहे हैं लेकिन मदद के नाम पर फूटी कौड़ी भी इन नेताओं की जेब से निकलती नहीं दिखाई पड़ रही है

# आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**



**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील के पिपरी थाना क्षेत्र के चायल नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 1 के डीहा घूरी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई, महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है बता दें कि सोमवार के दिन लगभग 3:15 बजे शाम काले बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी, इसी दौरान आकाशीय बिजली के चलते खेतों की तरफ गई अधेड़ महिला गुड्डी देवी पत्नी समय लाल की मौके पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गयी मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है।

## दाधिकांदो मेले में घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत



**चायल कौशाम्बी।** प्रयागराज के सुलेम सराय में दाधिकांदो मेला देखने गयी चांदनी उम्र 5 वर्ष पुत्री धारा निवासी चंलौली वहीं पर खड़ी बैटरी रिक्शा पर चढ़ कर खेल रही थी और अचानक गिर गई सिर में गंभीर चोटे लग गए इलाज के लिए बालिका को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

**कल्याणपुर कौशांबी।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी के रक्त केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 18 सितंबर 2023 समय 11 बजे भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा कौशांबी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।

## आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन

**कल्याणपुर कौशांबी।** रक्तदान केंद्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी में दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है ।शिविर में भी रक्तदानी आकर रक्त दान कर सकता है। रक्तदान से आपका कुछ भी खर्च नहीं होगा,लेकिन आपका यही रक्त दान किसी के लिए जीवन दान साबित होगा।




## लगातार पांचवें दिन आमरण अनशन पर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नरनारायण मिश्रा

**कौशाम्बी।** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के तत्वाधान में हापुड़ की घटना को लेकर कौशाम्बी के अधिवक्ता आज लगातार 20वें दिन हड़ताल पर रहे तथा लगातार 5वें दिन वरिष्ठ अधिवक्ता नरनारायण मिश्रा आमरण अनशन पर बैठे रहे । सुबह 10 बजे अधिवक्ताओं की आम सभा लाइब्रेरी हाल में शुरू हुई जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने तथा सभा का संचालन महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया । आम सभा मे अधिवक्तागणों ने एक स्वर में हड़ताल का समर्थन किया तथा यह निर्णय लिया गया कि जब तक हापुड़ में हुई घटना के दोषी पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं होगी तब तक हमारी हड़ताल अनवरत जारी रहेगी । आम सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानेंद्र नारायण शुक्ला , इन्द्रनारायण पाण्डेय , मनुदेव त्रिपाठी , देवशरण त्रिपाठी , अजय पांडेय , तुषार तिवारी , केडी द्विवेदी ,कौशलेश द्विवेदी , जया त्रिपाठी , सीता पांडेय , देवेश श्रीवास्तव , शशि प्रताप त्रिपाठी , ज्ञानदत्त मिश्रा , पंकज शुक्ला , शिवेंद्र द्विवेदी , सुधीर मिश्रा , अंकित त्रिपाठी , मंदीप अवस्थी , हरीश मिश्रा ,शिवप्रसाद द्विवेदी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षा का बाजारीकरण के खिलाफ जय जवान जय किसान मंच आंदोलन करेगा : सुशील जय हिन्द



**कौशाम्बी।** जय जवान जय किसान मंच की बैठक संगठन के कार्यालय में हुई जिसमें संगठन के समस्त पदाधिकारी मौजूद हुए संगठन के संयोजक तथा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुशील जय हिंद ने संबोधित करते हुए कहा की आज देश को मजबूत बनाने वाला शिक्षा रूपी हथियार का बाजरी कारण हो रहा है सरकार है बहुत सारी योजनाएं शिक्षा को लेकर आती है लेकिन सारी योजनाएं कागजों में सिमट के रह जाती है शिक्षा माफिया सरकार की योजनाओं पर पानी फेरते हुए शिक्षा के नाम पर लूट रहे हैं हम सभी लोगों को संगठित होकर शिक्षा के बाजरी कारण के खिलाफ आवाज उठानी होगी आजादी के बाद आम जनता को स्वास्थ्य शिक्षा और न्याय की जरूरत थी आज आजादी के इतने सालों के बाद भी हर व्यक्ति स्वास्थ्य शिक्षा न्याय से वंचित है बैठक में भारत लोचन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की कृषि प्रधान देश में आज किसानों की बड़ी दुर्दशा हो रही है और किसान बहुत ही दुखी है किसानों के नाम पर संगठन बनते हैं किसानों के लिए राजनीतिक पार्टियों चचाएं करती है कि किसानों का उत्थान होना चाहिए लेकिन यह सिर्फ बहस बन रह जाती है बैठक मे प्रांजल केसरवानी. हर्ष केसरवानी. राहुल राज. शेखर वरुण. अरविंद निषाद .मोहित पांडे. सतीश पाल .धर्मेंद्र सिंह पटेल. रौनक मिश्रा. शिवम पांडे. रवि पटेल.6 विकास पटेल. अजय सिंह पटेल .ज्ञान सिंह पटेल .धीरेंद्र सिंह गोलू पाल छोटू पाल मनीष पटेल रिंकू सिंह .दीपेश यादव. सुरेंद्र पासी. अजय पसी. देवराज पाल. शिवलाल यादव .व संगठन के अन्य साथियों ने अपने-अपने विचार रखें और आने वाले 2 अक्टूबर को स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाने की चर्चा हुई।

## विकास खण्डों में 21 सितम्बर से होगा रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के इच्छुक अभ्यर्थियों को सिक्योरिटी के क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से एजाइल सिक्योरिटी फोर्स, (अ.र.ऋ) हैदराबाद के भर्ती अधिकारी द्वारा विकास खण्डों में रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी की आयु सीमा 20 से 35 वर्ष, लम्बाई 165 से0मी0 तथा वजन 51 किग्रा0 एवं न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता कक्षा 08 पास अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद प्रति माह वेतन 12500 से 15500 दिया जायेंगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 21 सितम्बर को विकास खण्ड परिसर मंझनपुर में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 04 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। इसी प्रकार 22 सितम्बर को विकास खण्ड परिसर कौशाम्बी, 23 सितम्बर को विकास खण्ड परिसर नेवादा, 25 सितम्बर को विकास खण्ड परिसर मूरतगंज, 26 सितम्बर को विकास खण्ड परिसर चायल, 04 अक्टूबर को विकास खण्ड परिसर सिराथू, 05 अक्टूबर को विकास खण्ड परिसर कड़ा एवं 06 अक्टूबर को विकास खण्ड परिसर सरसवां में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 04 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा।

## पापकार्न मेकिंग मशीन एवं मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन के लिए साक्षात्कार 20 सितम्बर को

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित पापकार्न मेकिंग मशीन एवं मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन में क्रमशः 10-10 लाभार्थियों का चयन किया जाना है, जिसके लिये साक्षात्कार दिनांक 20.09.2023 को विकास भवन कक्ष सं0-44, प्रथम तल, मंझनपुर, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में किया जायेंगा। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री चन्द्र शेखर वर्मा ने देते हुए बताया कि जिन लाभार्थियों द्वारा अपना आवेदन पत्र कार्यालय में जमा किया है, चयन/साक्षात्कार में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार में अनुपस्थित होने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेंगा।

# सीडीओ ने किया ससुर खदेरी नदी का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**सम्बन्धित अधिकारियों को स्थलीय सत्यापन कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश**

**नदी पुनरोद्धार कार्य को जन अभियान के रूप में संचालित करने के दिये निर्देश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में लखनऊ में प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ विगत दिनों समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई थी। बैठक में उप मुख्यमंत्री के द्वारा जनपद कौशाम्बी के अन्तर्गत ससुर खदेरी नदी के पुनरोद्धार के सम्बन्ध में दिये गये निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने मंगलवार को जनपद में ससुर खदेरी नदी के प्रवेश स्थल व विकास खण्ड कड़ा व सिराथू में नदी मार्ग में पड़ने वाले गॉवों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्तमान में नदी का पाट बहुत ही संकुचित है। ससुर खदेरी नदी के प्रस्तावित पुनरोद्धार से स्थानीय कृषकों को सिंचाई के लिए सुविधा होगी। मनरेगा मजूदरों को गॉव में ही रोजगार मिलेंगा तथा नदी किनारे के गॉव में जल स्तर भी बढ़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने नदी के जीर्णोद्धार के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक पक्ष में नदी मार्ग में पड़ने वाले सभी गॉवों का स्थलीय सत्यापन कर विस्तृत कार्ययोजना बना लिया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी पुनरोद्धार कार्य को जन अभियान के रूप में संचालित कर स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं जनसामान्य की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। बतादें कि, जनपद कौशाम्बी में सुसुर खदेरी नदी विकास खण्ड कड़ा के ग्राम पंचायत केन में प्रवेश करती है तथा क्रमशः जनपद के विकास खण्ड कड़ा, सिराथू, मंझनपुर, मूरतगंज, चायल व नेवादा से गुजरते हुए 110 कि0मी0 प्रवाहित होती है। विकास खण्ड नेवादा के ग्राम पंचायत रेही के बाद नदी प्रयागराज जनपद में प्रवेश करती है निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता सिंचाई, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, खण्ड विकास अधिकारी कड़ा विजय शंकर त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी सिराथू भावेश शुक्ल सहित सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## 3 दिन से पुलिस हिरासत में रहा युवक अचानक हुआ गायब

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बारातफारिक गांव के सरकारी स्कूल के शौचालय में बोरिंग के कनेक्शन का स्टेबलाइजर चोरी करने के आरोप में गांव के चर्चित आरोपी सूरज बली के बेटे आशु को पुलिस ने 16 सितंबर को गिरफ्तार किया आशु को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अपने साथ कोर्राई पुलिस चौकी ले कर आई और पुलिस जनों ने उससे कड़ाई से पूछताछ की सूत्रों की माने तो आशु ने स्टेबलाइजर चोरी की बात कबूल की गांव वालों ने जब चौकी पुलिस से पूछा तो पुलिस ने कहा कि आशु को जेल भेजा जाएगा शनिवार से पुलिस हिरासत में मौजूद आशु सोमवार की दोपहर अचानक लापता हो गया अचानक आशु पुलिस चौकी से कैसे भाग गया है या फिर भगा दिया गया है या उसके साथ कुछ और हो गया है यह तो विभाग के लिए बडी जांच का विषय है लेकिन पुलिस हिरासत से आशु का अचानक गायब होना चर्चा का विषय बन गया है क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस चौकी से आशु के भाग जाने के मामले की जांच कर दोषियों को दंडित किए जाने के साथ-साथ आशु को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पाकिस्तान जाने वाले लोगों की बिक रही शत्रु संपत्ति

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कस्बे में शत्रु संपत्तियों में बड़ी हेरा फेरी के मामले की जांच कराए जाने की मांग**

**परदे की ओट से शत्रु देश पाकिस्तान की मदद करने में लगे है अफसर**

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के भरवारी और उसके आसपास की शत्रु संपत्तियों के अभिलेखो में बड़ी हेराफेरी कर दुश्मन देश के लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास अधिकारियों के सहयोग से किया जा रहा है शत्रु संपत्तियां बेचकर करोड़ अरबो के धन एकत्रित कर पाकिस्तान पहुचाए जा रहे हैं लेकिन राजस्व प्रशासन मूकदर्शक बना तमाशा देख रहा है देखते देखते भरवारी में करोड़ों की शत्रु संपत्ति बिक चुकी है गौर तलब है कि भारत देश की आजादी के बाद भरवारी कस्बा और उसके आसपास के तमाम लोगो का प्रेम दुश्मन देश पाकिस्तान से जागा और वह भरवारी छोड़कर के दुश्मन देश पाकिस्तान में बस गए उनकी संपत्तियों में शत्रु संपत्ति लिखकर शत्रु संपत्ति घोषित की गई थी या फिर शत्रु संपत्ति ना लिखने में राजस्व विभाग ने बड़ा खेल किया है दुश्मन देश में बसने वाले लोग अब वापस लौटकर यहां शत्रु संपत्तियों को बेच रहे हैं और करोड़ों की दौलत लेकर पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं इन्ही गोपनीय धन को गलत कार्यों में लगा करके देश के लोगों को परेशान कर रहे हैं आतंकवाद भी पनपने के पीछे ऐसे लोगों का हाथ है पाकिस्तान चले जाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित कर बिक्री किए जाने पर रोक लगाए जाने की मांग इलाके के लोगों ने की है साथ-साथ शत्रु संपत्तियां जो बिक गई हैं उसकी जांच कर शत्रु संपत्ति बेचने खरीदने वालों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने उनकी गिरफ्तारी कराए जाने और शत्रु संपत्ति को वापस सरकार के कब्जे में दिलाए जाने की मांग लोगों ने की है। स्थानीय लोगों की माने तो आजादी के बाद दो दर्जन से अधिक लोग भरवारी छोड़कर पाकिस्तान जाकर बस चुके हैं और पाकिस्तान बसने वाले लोगों के पास भरवारी और उसके पास सैकड़ो हेक्टेयर से अधिक भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी जो धीरे-धीरे बिक रही है भरवारी छोड़कर जाने वालों का शत्रु देश से अधिक लगाव है लेकिन उनकी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित करने में तहसील प्रशासन ने बड़ी हेरा फेरी कब की है तहसील प्रशासन के कारनामों की जांच कराकर इन्हें बर्खास्त किए जाने की जरूरत है इन अफसरों के संपर्क शत्रु देश में बसने वाले लोगों से हैं और परदे की ओट से शत्रु देश पाकिस्तान की मदद करने में अफसर लगे हैं।

## न्यूज झरोखा

### सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरुआ में संपन्न हुआ दो दिवसीय खो खो मैच



**भरवारी कौशाम्बी।** सेंट फ्रांसिस स्कूल बेरुवा में दो दिवसीय खो खो मैच का आयोजन संपन्न हुआ इस मैच में फाल्कन हाउस एवं फ्लेमिंगो हाउस के बीच फाइनल मैच हुआ फाइनल में फॉल्कन हाउस ने 21 अंक अर्जित किया और फ्लेमिंगो हाउस ने 20 अंक अर्जित किया फाइनल मैच में उमदा प्रदर्शन करते हुए 21 अंकों के साथ फॉल्कन हाउस खो खो मैच का विजेता रहा तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेलते हुए टाइटन हाउस ने 18 अंक अर्जित किया तथा स्पार्टन हाउस ने 27 अंक अर्जित किया उक्त खो-खो मैच में फॉल्कन हाउस प्रथम फ्लेमिंगो हाउस सेकंड स्पार्टन हाउस थर्ड और टाइटन हाउस फोर्थ रहा। इस दो दिवसीय मैच में स्पार्टन हाउस की मानसी गार्गी और अभिलाषा गुप्ता रही फॉल्कन हाउस की खुशी विभूति मोदनवाल अपर्णा और टाइटन हाउस की जानवी तथा फ्लेमिंगो हाउस की अंजलि सरोज का उम्दा प्रदर्शन रहा।उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा, जीतेंद्र प्रताप सिंह पवन कुमार मिश्रा अंजना त्रिपाठी मोहम्मद आसिम खान अभिषेक कुमार कुलदीप सोनी हसन रजा दिनेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पुनः प्रबंधक निर्वाचित हुए रवि नारायण तिवारी



**भरवारी कौशाम्बी।** प्रबंध समिति नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी कौशांबी का पंचवर्षीय चुनाव विद्यालय प्रांगण में17 सितम्बर को संपन्न हुआ चुनाव पर्यवेक्षक सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक कमाल अहमद सिद्दीकी चुनाव अधिकारी रशीद अहमद खान पूर्व प्रधानाचार्य हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद की देखरेख में सभी सम्मानित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुनः पुरानी प्रबंध समिति को स्वीकार करते हुए रवि नारायण तिवारी को प्रबंधक के रूप में स्वीकृति प्रदान की विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद के द्वारा विद्यालय प्रांगण में नियुक्त प्रबंधक रवि नारायण तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन भुनेश्वर कुमार तिवारी ने किया विनोद कुमार मिश्रा अजय कुमार भारत लाल शर्मा अरुण कुमार द्विवेदी माया देवी करुणेश कुमार त्रिपाठी चंद्रकांत शुक्ला बालमुकुंद त्रिपाठी राकेश त्रिपाठी अशोक कुमार पांडे लेफ्टिनेंट पंकज कुमार संतोष सिंह यादव गंगा प्रसाद संजय कुमार चौधरी अवधेश कुमार अर्जुन प्रसाद राजेश कुमार यादव राजेश कुमार अस्थाना वरुण शंकर मिश्रा अतुल कुमार मिश्रा सुनील यादव विशाल कुमार मिश्रा श्री कृष्णा शुक्ला समर सिंह यादव स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव अखिलेश कुमार भारतीय यशपाल सिंह आत्म प्रकाश द्विवेदी प्रमोद कुमार शुक्ला योगेश नारायण त्रिपाठी कमलेश तिवारी जय सिंह दीक्षांशु तिवारी मोतीलाल विश्वकर्मा नरेश प्रसाद उदयभान मौर्य ने आदि ने पुनः प्रबंधक बनने की हार्दिक बधाई दिया।

### गड्ढो में तब्दील है टेवा धाता मार्ग



**कौशांबी।** योगी सरकार बार-बार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का निर्देश दे रही लेकिन जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में सफल होते नहीं दिख रहे हैं मंझनपुर तहसील के टेवा चौराहे से नवोदय विद्यालय होते हुए धाता को जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं सड़कों पर सफर करना जोखिम भरा है इस सड़क पर आए दिन लोगों के वाहन खराब होते हैं और लोग गिरकर चोटाहिल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों के मरम्मत के लिए तैयार नहीं दिखाई पड़ते हैं बताया जाता है कि कुछ महीने पहले सड़क की मरम्मत कराई गई थी और सरकारी खजाने से लाखों की रकम निकाले गए थे लेकिन घटिया निर्माण के चलते समय से पहले यह सड़क खराब हो गई जिससे अधिकारी खराब सड़क को फिर मरम्मत करा करके अपने भ्रष्टाचार की पोल नहीं खोलना चाहते हैं जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही हैं इलाके के लोगों ने शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए घटिया सड़क निर्माण की जांच कर दोषी अधिकारियों ठेकेदारों को दंडित किए जाने और खराब सड़क की फिर से मरम्मत कराया जाने की मांग की है।

### उपजिलाधिकारी व सीओ ने कम्प्यूटर कक्ष व विज्ञान प्रयोगशाला का किया निरीक्षण



**कोखराज कौशाम्बी।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज ककोढा सिराथू में एसडीएम सौम्य मिश्रा व सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने सोमवार को विद्यालय पहुंच कर कम्प्यूटर कक्ष व विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण किया विद्यालय पहुंचे दोनों अधिकारियों ने बच्चों की शिक्षा व अध्यापकों के पढ़ाने के तौर तरीकों को देखते हुए कहा कि हर बच्चा को अपने विवेक के अनुसार हर विषय पर अपने अध्यापकों से बार बार उन शब्दों को पूछते रहना चाहिए जिसमें वह कमजोर हो इस तरह से यदि हर बच्चा अपने विषय पर विना हिचक के पूछ ताछ करते हैं तो बच्चे की पढ़ाई तेज होगी। एसडीएम व सीओ सिराथू ने 11वी व 12 वी के बच्चों के कक्षाओं में जा कर बच्चों से सवाल किया फिर स्वयं बच्चों को अंग्रेजी,हिन्दी व विज्ञान विषय को पढ़ाया और अध्यापकों को कहा कि बच्चों को अच्छे से हर विषय को पढ़ते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य बनाएं जिससे बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करें

### विश्वकर्मा जयंती पर कौशल दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा मंझनपुर मुख्यालय पर विश्वकर्मा जयंती पर कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे एवं संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा द्वारा विश्वकर्मा प्रतिमा पर एवं सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उक्त कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्रम सम्मान योजना स्कीम के बारे में तथा इसमें क्या-क्या डॉक्यूमेंट लगेगा इसके बारे में विस्तार पूर्वक बताएं तथा संस्थान द्वारा कौशल दीक्षांत समारोह के अवसर पर 20 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा यह भी बताया कि जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र समदा में अनुदेशक लक्ष्मण को ट्रेड कार्पेंटी में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षण केंद्र समदा में 7 प्रशिक्षार्थियों को कार्पेंट्री में मंझनपुर के उद्यम सभागार कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर मंझनपुर द्वारा सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला करिश्मा रूपा ममता कल्पना आकांक्षा शिवानी हिमांशु सूरज आदि प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# नफरत के खिलाफ असहयोग आंदोलन

**नफरत** का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफरत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोजगार के मुद्दे पर 0 बहसें की। हाल ही में इंडिया गठबंधन ने मीडिया के कुछ एंकरों की एक लिस्ट जारी करते हुए कहा कि वे अमुक एंकरों के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन द्वारा जारी वक्तव्य में उनका मंतव्य बहुत स्पष्ट नहीं था, लेकिन बाद में उनकी तरफ से आए बयानों से ये साफ हुआ कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों के प्रवक्ता इन एंकरों द्वारा चलाई जा रही नफरती बहसों का हिस्सा नहीं बनेंगे। गौर करने वाली बात यह है कि इंडिया गठबंधन के वक्तव्य में न तो चैनलों के बहिष्कार की बात थी और न ही उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाए जाने की बात। इंडिया गठबंधन ने नफरती टीवी कार्यक्रमों के साथ असहयोग करने की उस बात को अपने वक्तव्य में शामिल किया, जिसे जनता, बुद्धिजीवियों व पत्रकारों का एक हिस्सा काफी दिनों से कह रहा है। ये पहली दफा नहीं है कि नफरत फैलाने वाले टीवी कार्यक्रमों के खिलाफ आवाज उठी है। हम जमीन से आने वाली मीडिया बाइटों, ढेर सारे आंकड़ों में ये बात देखते रहते हैं कि नफरत के कंटेंट से ऊब व जनता के मूल मुद्दे नदारद होने के चलते कई लोगों ने कहा है कि उन्होंने टीवी देखना छोड़ दिया है। लोकतंत्र का चौथा खंभा कहते हैं, तो बाकी खम्भों की तरह उसे भी परखने व उसकी गलतियों को उजागर करने की जिम्मेदारी जनता से जुड़ी संस्थाओं व स्वयं जनता की होती है। चैनलों के न्यूजरूम में होने वाली बहसों, बहसों को फ्रेम करने के तरीकों, बहसों के ग्राफिकों व बहसों के दौरान होने वाली जूतम-पैजार से असहमति दिखाने का अधिकार भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में आता है। समय-समय पर भारत के न्यायालयों ने अपने आदेशों या टिप्पणियों में भी ये कहा है कि अगर आप किसी कंटेंट से सहमत नहीं हैं तो आप उसे मत देखिए। इंडिया एक राजनीतिक पार्टियों का गठबंधन है, जिसे अंततः वोट मांगने के लिए जनता के बीच में जाना होता है। अगर कल को इन पार्टियों के नेताओं से जनता की ओर से ये सवाल पूछा गया कि आप उन बहसों का हिस्सा क्यों बनते हैं जिनसे रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे गायब हैं और जिनमें केवल नफरत को परोसा जाता है, तो इन नेताओं को जनता के बीच जवाब तो देना पड़ेगा। इस मुद्दे पर कई पत्रकारों, इन 14 एंकरों व कई अन्य लोगों की तरफ से बहस छेड़ी गई कि ये प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। सत्ताधारी दल भाजपा ने तो इसकी तुलना 'आपतकालइ से तक कर डाली। लेकिन गौरतलब है कि किसी ने ये तर्क नहीं दिया कि इंडिया गठबंधन का ये फैसला क्या किसी पत्रकार की आवाज दबा रहा है? क्या इस फैसले ने इन पत्रकारों की आवाज को नियंत्रित करने का प्रयास किया है? इंडिया गठबंधन ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक मजबूत हथियार 'असहयोगइ को अपनाते हुए जनता की भावना को अपने प्लेटफॉर्म से रखा है और कहा है कि वे अब नफरत के तले आम जनता के मुद्दों को दबाने वाले संचार मॉडल का हिस्सा नहीं बनेंगे। नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफरत के बीज बोए जाते हैं।

# सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव



रमेश सर्राफ धमोरा



गणेश चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे। 1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे - धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई। 1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी खुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज मे एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# संसद का विशेष सत्र सार्थक बहस का माध्यम बने



ललित गर्ग

**आज** संसद में भारतीय संसदीय इतिहास का आठवां विशेष सत्र प्रारंभ हुआ, ऐतिहासिक रूप से देखें तो विशेष सत्र आमतौर पर महत्वपूर्ण विधायी या राष्ट्रीय घटनाओं के उपलक्ष्य में बुलाए गए हैं। संसदीय इतिहास में अब तक संसद के सात विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं जिनमें से तीन बार ऐसे सत्र तब बुलाए गए जब देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मना रहा था। वहीं दो बार राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए 1977 में तमिलनाडु और नगालैंड में तो 1991 में हरियाणा में विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इस बार 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए मुख्यतः विशेष सत्र बुलाया गये हैं। इस बार का विशेष सत्र संसदीय परम्परा के श्रेष्ठ स्वरूप को उपस्थित करके उसके उत्कर्ष को बढ़ाने और उसे उन्नत-आदर्श बनाने के लिये होना चाहिए, न केवल इस विषय पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, बल्कि इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए। क्योंकि इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में कामकाज के तौर-तरीकों में गिरावट आई है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का विशेष सत्र अन्य सत्रों की तरह हंगामेदार, अमर्यादित एवं अनुशासनहीन न होने की बजाय सार्थक बहस का माध्यम बनना चाहिए कि हमारी संसदीय कार्यप्रणाली किस प्रकार प्रेरक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वाहक बने। बिना राजनीति आग्रह एवं पूर्वाग्रह के इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए कि संसदीय कार्यवाही कैसे गरिमापूर्ण तरीके से चले। ऐसे अवसर दुर्लभ ही रहे हैं जब संसद में कोई सार्थक चर्चा हुई हो। इसलिये उचित होगा कि इस सत्र में सरकार ने जो विधेयक प्रस्तावित किए हैं उन पर भी बिना सोचे-समझे विरोध जताने के बजाय विपक्षी दल स्वस्थ बहस के लिए तैयार रहें। यह तभी हो सकता है जब नकारात्मकता का परिचय देने के बजाय विधेयकों की रूपरेखा देखने के उपरांत प्रतिक्रिया व्यक्त की सकारात्मक मानसिकता को अपनाया जाये।

निश्चित ही भारतीय संसद के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये संसद एवं आजादी की 75 साल की उपलब्धियों एवं निरन्तर बढ़ रही कमियों पर चर्चा के साथ उन कमियों एवं विसंगतियों को दूर करने का रोडमेप तैयार होना चाहिए। हमें अब तक संसदीय यात्रा की उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां, कमियों और उनसे मिली सीख को चर्चा का माध्यम बनाते हुए सर्वसम्मति से नये संसदीय यात्रा के लिये उन्नत एवं आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिये तत्पर होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में भी विरोध के लिए विरोध की राजनीति अधिक देखने को मिलती है। विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से अधिक नारेबाजी करने, नारे लिखी हुई तख्तियां दिखाने, अध्यक्ष के आसान तक पहुंच कर हंगामे करने में ज्यादा ऊर्जा खपाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तो ऐसा लगातार हो रहा है और इसके चलते कई सत्र ऐसे भी रहे जब कोई खास काम नहीं हो सका।

18 सिंतबर से 22 सिंतबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र के दौरान कुल 8 विधेयकों को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, उनकी सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि विषयक विधेयक-2023, द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल, डाकघर विधेयक प्रमुख हैं। इस विशेष सत्र की कार्रवाही का पहला दिन पूराने संसद भवन में एवं बाकि चार दिन नये संसद भवन में आयोजित होगी। इस सत्र की एक और विशेषता है कि लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का दूसरे दिन मंगलवार सुबह ग्रुप फोटो होगा। यह भी संभावना की जारही है कि यह मौजूदा संसद का आखिरी सत्र हो सकता है और सरकार लोकसभा चुनाव समय से पहले करवा सकती है।

लोकतंत्र में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। लेकिन संसद के विशेष सत्र शुरू होने से पूर्व ही कांग्रेस ने नकारात्मक राजनीति के संकेत दे दिये हैं। क्योंकि कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का ही यह उदाहरण है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि विशेष सत्र में मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया जाएगा। जबकि सरकार ने संसद के पिछले सत्र में इस विषय पर चर्चा को लेकर कई बार सहमति जताई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से विपक्ष के सवालों के जवाब भी दे दिए गए थे तब विशेष सत्र में इस मुद्दे को उठाने का क्या कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के इस तरह के आग्रह एवं पूर्वाग्रह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष ने इस विशेष सत्र को भी हंगामेदार करने की ठानी है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा, आतंकवाद, चुनावों की स्वच्छता, जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। लेकिन इन्हीं या दूसरे मुद्दों को आधार बनाकर जहां संसद की कार्रवाई को बाधित करने की स्थितियां हैं, यह अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है। विशेष सत्र लोकतांत्रिक समझौते के साथ समझ को विकसित करने का उदाहरण बने, यह अपेक्षित है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष सत्र में भी सरकार के प्रत्येक कदम की आंख बंदकर विरोध करने की स्थितियों की बजाय राष्ट्रीय महत्व एवं संसदीय गरिमा के विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए, ताकि देश को कोई दिशा मिल सके, विकास के कार्यों को गति मिल सके, लेकिन इसके स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप अधिक होना औचित्यपूर्ण नहीं है। कई बार तो इसे लेकर गतिरोध कायम हो जाता है जो संसद के अमूल्य समय की बबार्दी है। मौजूदा माहौल में सरकार के लिए चर्चा से इनकार करना मुश्किल होगा, लेकिन विपक्ष को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक आक्रामक रुख अख्तियार कर वह संसद की कार्यवाही को बाधित करने तक सीमित न रह जाए। ऐसा होने से लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात होता है।

# विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती

शकील अख्तर

**आज भी** विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस का भविष्य तय करेंगे। पांच राज्यों में चुनाव हैं। और कांग्रेस इन पांचों राज्यों में चुनाव जीतने की मुख्य दावेदार है। तीन राज्यों में तो उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में और तेलंगाना में वहां मौजूद केसीआर की सरकार से। पांचवे राज्य मिजोरम में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं। और राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर कांग्रेस। मगर भाजपा ने पूरे उत्तर पूर्व में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस को भी तोड़कर अपनी सरकारें बना रखी हैं। पहाड़ी राज्यों के पास अपने आर्थिक रिसोर्सेस बहुत कम होते हैं। इसलिए वह केन्द्र पर बहुत निर्भर रहती है। केन्द्र में जिसकी सरकार होती है उत्तर पूर्व के राज्य और जम्मू-कश्मीर, उस पार्टी से मिलकर ही चलते हैं। फारुख अब्दुल्ला ने एक बार कहा था कि केन्द्र में अगर शैतान की सरकार भी हो तो हमें उसके साथ मिलकर चलना पड़ेगा खैर तो यह विधानसभा चुनाव बताएंगे कि कांग्रेस इसके बाद मजबूत होती है या कमजोर। अगर वह कमजोर हो गई तो इंडिया गठबंधन में भी उसकी हैसियत कमजोर हो जाएगी। यह नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों का इन्डिया गठबंधन कमजोर होगा। इन्डिया गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने का भरोसा दे रहा है। जब तक वह मोदी जी के खिलाफ मुखर रहेगा अपनी ताकत को बरकरार रखेगा। देश में अब राजनीति साफ तौर पर मोदी समर्थक और मोदी विरोधियों के बीच बंट गई है।

# इंडिया गठबंधन में जब तक सीट शेयरिंग नहीं हो जाती तब तक सब बेकार है



अशोक भाटिया

**हाल ही में कांग्रेस** की पुनगर्ठित कार्य समिति की हैदराबाद में पहली बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति पर मंथन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं ने राय दी कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के घटक दलों के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर नवंबर के बाद ही चर्चा शुरू की जाए। कांग्रेस के इन नेताओं का तर्क है कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस और मजबूत होगी, जिससे वह सीट बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों पर दबाव बना सकेगी। दरअसल इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जल्द से जल्द लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा चाहते हैं ताकि कांग्रेस से आज के हालात के मद्देनजर ज्यादा सीट हासिल कर सकें। वहीं कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव के बाद उसकी ताकत बढ़ेगी और उसके बाद वह सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मजबूती से मोलभाव कर सकेगी। ये नेता चाहते हैं कि सीट बंटवारे को लेकर बातचीत भले चले, लेकिन आखिरी फैसला विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद हो।

वहीं कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी नेता अजय माकन ने दिल्ली और पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर ऐतराज जताया है। कांग्रेस कार्यसमिति के घटनाक्रम से वाकिफ सूत्र ने यह जानकारी दी है। इस सूत्र के मुताबिक अजय माकन ने बैठक में सवाल उठाया, अगर आप पार्टी को कांग्रेस से गठजोड़ करना है तो वह उन राज्यों में क्यों प्रचार कर रही है, जहां कांग्रेस का भाजपा से सीधा मुकाबला है?अजय माकन ने इसके साथ ही कहा कि अगर आप अपनी रणनीति बदलती है तभी दिल्ली कांग्रेस को रणनीति बदलने पर सोचना चाहिए, वरना इस गठबंधन का पार्टी को कोई फायदा नहीं होगा।

दरअसल गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां महत्वाकांक्षा को त्यागने के दावे तो बहुत करती हैं पर वास्तव में कोई तैयार नहीं होता है। आप नेता राघव चड्ढा कहते हैं कि गठबंधन को सफल बनाने के लिए इसमें शामिल प्रत्येक राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा- महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद। पर हरियाणा- दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की बढ़ती राजनीतिक इच्छाएं मुश्किल का सबब बन रही हैं। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी कोई भी अपना हित छोड़ने को तैयार नहीं है। दिल्ली-पंजाब और हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की राज्य इकाइयां खुलकर आमने-सामने हैं। आइये देखते हैं कि किस तरह कांग्रेस की राज्य इकाइयों ने अचानक सीटों की डिमांड बढा दी हैं, जिसके चलते राज्यों में गठबंधन के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है ।

पंजाब में कांग्रेस की राज्य इकाई ने बहुत पहले स्व ताल ठोंकी हुई है।पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा आम आदमी पार्टी से गठबंधन के ही खिलाफ हैं। अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने पार्टी को क्लियर संदेश दिया है कि स्टेट यूनिट की राय लिए बिना कोई फैसला नहीं लिया जाए। उधर ऐसे ही तेवर आम आदमी पार्टी की ओर से भी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान कहते रहे हैं कि आम आदमी पार्टी अकेले लड़ना और जीतना, अकेले सरकार बनाना और चलाना जानती है। आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयान आते रहे हैं कि वो पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।दरअसल पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 42.3 फीसदी वोट के साथ 92 सीटें हासिल हुई थीं।कांग्रेस को 23.1 फीसदी वोट के साथ 18 सीटें मिली थीं।विधानसभा चुनाव में इतने बड़े अंतर के चलते आम आदमी पार्टी कांग्रेस को तवज्जो नहीं देना चाहती तो दूसरी ओर कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2019 को आधार मान कर अधिक सीटें चाहती हैं।2019 के चुनाव में कांग्रेस ने 40।6 फीसदी वोट शेयर के साथ आठ सीटें जीती थी। आम आदमी पार्टी को तब 7.5 फीसदी वोट ही मिले थे और केवल एक सीट जीत सकी थी। दिल्ली में भी कांग्रेस की इकाई शुरू से गठबंधन का विरोध कर रही है।संदीप दीक्षित और अजय माकन आम आदमी पार्टी के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का पहले से ही विरोध करते रहे हैं।इस बीच कांग्रेस नेता अलका लांबा ने दिल्ली में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर अपनी महत्वाकांक्षा पिछले महीने ही दिखा दी थी। हालांकि बाद में कांग्रेस की बैठक में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ शामिल रहे दीपक बाबरिया ने अलका लांबा के बयान का खंडन करते हुए कहा कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई। दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं का आम आदमी पार्टी को एक भी लोकसभा सीट न देने की बात करना दिल्ली कांग्रेस की अति महत्वाकांक्षा भी नहीं कहा जा सकता।दिल्ली में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस खाता नहीं खोल सकी थी पर लोकसभा चुनाव में सात में से पांच पर कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी।जबकि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दो सीटों कांग्रेस वोट शेयर के मामले में भी आम आदमी पार्टी से आगे थी। कांग्रेस का वोट शेयर 22.6 फीसदी रहा था जबकि आम आदमी पार्टी को 18.2 फीसदी वोट मिले थे।दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन का पेच बस सीट बंटवारे का नहीं बल्कि सियासत का आधार बचाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की पिछली हालत बहुत पतली रही है । पिछले लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनावों 2022 में सोनिया गांधी को छोड़कर उसका कोई प्रत्याशी जीत का स्वाद नहीं चख सका है। पर पार्टी को कम से कम 18 से 20 सीट चाहिए। पार्टी को अनुमान है कि 2009 के चुनाव में कांग्रेस ने जिन सीटों पर जीत दर्ज की उनमें से अधिकतर इस बार वो जीत सकती है। 2009 के चुनावों में जिन सीटों पर कांग्रेस को विजय मिली थी वो हैं अकबरपुर, अमेठी, रायबरेली, बहराइच, बाराबंकी, बरेली, धौरहरा, डुमरियागंज, फैजाबाद, फरुर्खाबाद, गोंडा, झांसी, कानपुर, खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज मुरादाबाद, प्रतापगढ़, श्रावस्ती, सुल्तानपुर और उन्नाव। पर इन 14 सालों में बहुत कुछ बदल चुका है। भारतीय जनता पार्टी ही नहीं कई छोटे दल भी कांग्रेस के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी भी कांग्रेस को इतनी ज्यादा सीट देकर अपनी राजनीति नहीं खत्म करना चाहेगी।इसके साथ ही कांग्रेस की इच्छा चंद्रशेखर रावण और आरएलडी को भी साथ लाने की है। अब देखना यह है कि यहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में कौन कुबार्नी देने के लिए आगे आता है।

यदि बात करें बिहार की तो इंडिया गठबंधन की चिनगारी बिहार से ही उठी है।

# मोदी की प्रेरणा से राष्ट्र-समाज का होगा विकास: लवकुश

## भाजयुमो ने किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने सेवा पखवाड़े के तहत अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने रामनगर, मऊ, मानिकपुर मंडल का भ्रमण कर कार्यकताओं से संवाद किया। आवाहन किया कि 11 मंडलों के 124 शक्तिकेंद्रों के 850 बूथों पर सशक्त संगठित संरचना बनाकर सभी कार्यक्रमों व अभियानों को सफल बनायें।



सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि कार्य करने वाले ही कार्यकर्ता होते हैं। शीर्ष नेता नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र, समाज, विकास व लोक कल्याण को प्रयास करना होगा। सक्रिय प्रयास से भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयुष्मान भवः कार्यक्रम से सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में कार्यकर्ता सहयोग करें। भाजपा की मोदी सरकार देश के 50 करोड लोगों को पांच लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने का ऐतिहासिक काम कर रही है। युवा मोर्चा के रक्तदान में शामिल होकर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने युवा शक्ति का अभिनंदन किया। कहा कि भाजपा के ही कार्यकर्ता जन सहयोग से रक्तदान करते हैं। भाजपा के ही कार्यकर्ता सेवा को संगठन कार्य मानकर कार्य करते हैं। भाजपा के संस्कार कार्यकर्ताओ को सदैव लोक सेवा व राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि रक्तदान से युवा शक्ति को ज्यादा रक्तदान की प्रेरणा व ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम मे तीरथ तिवारी, आलोक पांडे, अस्वनी अवस्थी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, बालाजी, चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी, राजापुर सजीव मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, गगांधर, अर्जुन शुक्ला, सुरेश अनुरागी, शक्ति सिंह, सुमित मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकान्त त्रिपाठी, जितेन्द्र शुक्ला, मोनू मिश्रा, सच्चिदानंद, मोहनदास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष/सरार्फा एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी रोहिल अग्रवाल ने रक्तदान कर पवित्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा वरिष्ठ नेता आनन्द त्रिपाठी उर्फ बब्बू आदि मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष को बधाई देने का जारी है सिलसिला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लवकुश प्रसाद चतुर्वेदी को बधाई देने का सिलसिला नहीं थम रहा। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र समेत भाजपा पदाधिकारी व कार्यकताओं ने बधाई दी।



सोमवार को जिलाध्यक्ष बनने के बाद जगह-जगह उनका स्वागत अभिनंदन हो रहा है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा व सभासद विनीत पयासी ने गाजे बाजे के साथ स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पार्वती पांडेय, राखी चैबे, विनीता द्विवेदी समेत महिला मोर्चा पदाधिकारी ने लवकुश चतुर्वेदी को बधाई दी है। हिंदू महासभा की ओर से ज्योति करवरिया ने भी बधाई दी है। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष लवलेश निषाद ने भी बधाई दी है। सभी लोगों ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने को हर संभव सहयोग का वायदा किया है।

जिलाध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जो विश्वास किया है, उस पर खरा उतरेंगे। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने को सभी नेताओं से तालमेल कर पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे।

## पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने मनोज पुत्र चुन्ना सिंह निवासी चैरा के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही जलील अहमद व सूर्यकान्त यादव शामिल रहे।



## भरतकूप पुलिस ने आठ पर लगाया मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले आठ लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

सोमवार को भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बद्री यादव पुत्र राममनोहर निवासी गुलाब पुरवा, भोले यादव उर्फ अवधेश पुत्र भगवानदीन निवासी अहिरन पुरवा मजरा भारतपुर, बीरेन्द्र सिंह उर्फ रामू ठाकुर पुत्र दादू सिंह निवासी अकबरपुर, कल्लू सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह, विजय सिंह पुत्र रामभवन, शिवप्रकाश पुत्र जगमोहन, पंजाबी सिंह पुत्र लालजी सिंह निवासी बीहर का पुरवा मजरा पहरा व धर्मेन्द्र पाण्डेय पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी टिटिहरा के खिलाफ थाने में 110जी सीआरपीसी मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## चार के कब्जे से 36 क्वार्टर-35 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से 36 क्वार्टर देशी शराब व 35 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने सरिता निषाद पत्नी अखिलेश निषाद निवासी बरेठी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने गुड्डू पुत्र लहगुरिया निवासी सकरौंहा के कब्जे से 16 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कृष्णदेव मिश्रा की टीम ने धनेश सिंह पटेल पुत्र रामआसरे निवासी सिकरी के कब्जे से बीस क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ भी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने मालती देवी पत्नी रामकल्याण निवासी बरहाकोटरा के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## दस अक्टूबर तक शिल्पकार करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि पारम्परिक स्थानीय शिल्पकारों एवं कारीगरों की मदद को केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुभारम्भ की है। लाभार्थियों का पंजीकरण आनलाइन पोर्टल पर जनसुविधा केन्द्र से होना है। ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों का पंजीकरण पंचायतीराज विभाग से तथा शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों का पंजीकरण नगर विकास से होना है। योजना में 18 ट्रेड हैं। बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा/टूलकिट निमार्ता, मरम्मतकार, मूर्तिकार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, बुनकर गुडिया/ खिलौना निमार्ता, नाई, माली, धोबी, दर्जी एवं मछली का जाल बुनने वाले लाभार्थियों का त्रिस्तरीय सत्यापन होगा। पहले स्तर पर सत्यापन ग्रामीण लाभार्थियों को प्रधान/ सचिव तथा शहरी लाभार्थियों को अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय करेंगे। दूसरे स्तर पर सत्यापन जिला कियान्वयन समिति करेगी। तीसरे स्तर पर सत्यापन भारत सरकार ने राज्य को बनायी समिति करेगी। चयनित लाभार्थियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्य व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन करेगा। प्रशिक्षण दौरान लाभार्थियों को टूलकिट खरीदने को ई-बाउचर दिया जायेगा। प्रशिक्षित लाभार्थियों को एक लाख रुपये बिना गारंटर के पांच प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र बैंकों से दिलायेगी। पात्रता की शर्तें आवेदक चित्रकूट का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु आवेदन तिथि पर न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिये। आवेदक पारम्परिक कारीगरी ट्रेड से जुड़ा होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। योजना के तहत पात्रता को जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजना का लाभ लेने को ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे, जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों।

आवेदकों से कहा कि जनसेवा केन्द्र से दस अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ज्यादा जानकारी को जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से सम्पर्क करें।

## कोतवाली पुलिस ने छह जुआरियों को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों में रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा रामाधार सिंह की टीम छह जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।



सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने गणेश अग्रवाल पुत्र रामनारायण निवासी जगदीशगंज, इरसान पुत्र सकीक निवासी पुरानी बाजार, मुनेश पुत्र मुन्ना निवासी पुरानी बाजार, रामजीत निषाद पुत्र राजबहादुर निवासी कोठी तालाब, विनय उर्फ कल्लू पुत्र लल्लू निवासी इन्द्रानगर मानिकपुर व रामजी चैरसिया पुत्र स्व झल्लू निवासी गांधीगंज को ताश के पत्तों पर हारजीत की बाजी लगाते हुए जुआ खेलते गिरफ्तार किया।

जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 25420 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामातलाशी में 3580 रुपये बरामद किये। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, दीवान संदीप देव, सिपाही दीपान्कर सिंह, शिवम राजपूत, अमित द्विवेदी व रोहित यादव शामिल रहे।

## डीएम अभिषेक आनन्द ने सुलभ कराई नि:शुल्क अत्याधुनिक कोचिंग



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बहु प्रतिक्षित वतानुकूलित निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग एवं हाईटेक पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शहर के बीचोबीच नगर पालिका ऑफिस के पीछे पांच सितंबर शिक्षक दिवस से संचालित है। अभी तक ये कोचिंग बेड़ीपुलिया गोस्वामी तुलसीदास डिग्री कॉलेज में चल रही थी। छात्र-छात्राओं को आने-जाने में समय एवं टैक्सी-रिक्शा खर्चे से भी निदान दिलाने को जिलाधिकारी ने शहर में ही कोचिंग की सुविधा दी है।

सोमवार को अनुभवी शिक्षकों समेत जिले के अधिकारियों का भी मार्गदर्शन छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। दूर-दराज शहर से बाहर जो छात्र-छात्रायें अधिक खर्च से विशेष प्रतियोगी परीक्षाओं (नीट, जेई, यूपीएससी, एसएससी, एनडीए) की तैयारी नहीं कर पाते थे, कोचिंग से वंचित रह जाते थे। सरकार निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग हर जिले में चला रही है।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की विशेष रुचि से कोचिंग सेन्टर को वातानुकूलित एवं हाईटेक सुविधाओं से लैस किया है। इसका लाभ जिले के सभी छात्र-छात्रायें निःशुल्क ले सकते हैं। इस कोचिंग को बांदा से चित्रकूट लाने व बेड़ीपुलिया में चलाने को लेकर समाजसेवी राज किशोर शिवहरे का खास योगदान है। पूर्व में भी इन्होंने जिले में केंद्रीय विद्यालय संचालन में अहम भूमिका निभाई थी।

## पेयजल समस्या से निपटने को सिलौटा वाटर प्लांट के कार्य जल्द करें पूरे: डीएम

### डीएम ने बैठक में संस्थाओं के कसे पेंच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सिलौटा, चांदी बांगर के इंटकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीडब्ल्यूऑर, सीएलएफ, फिल्टर हाउस, ओएचटी आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने सिलौटा के एप्रोच रोड के पूरा होने की जानकारी ली।



सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर से कहा कि जुलाई में मैन पावर बढ़ाकर कार्य किये जायें। केमिकल हाउस की बाबत कहा कि जो सिविल कार्य बचे हैं, उसे जल्द पूरा करायें। सिलौटा में पाइप लाइन के बारे में जानकारी ली। कहा कि जो गांव छूटे हैं, उसे पूरा करायें। सिलौटा में इंटकबेल की बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि सितंबर लास्ट तक कार्य पूरा कर लें। बीच में प्रगति अच्छी थी, अब प्रगति की गति धीमी हो गई है। मैन पावर बढ़ाकर कार्य करायें। चांदी बांगर में डब्ल्यूटीपी, एमसीआर, सीडब्ल्यूआर, फिल्टर मीडिया, इंटकवेल, ओएचटी आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। चांदी बांगर के ट्रीटमेंट प्लांट की बाबत कहा कि जहां कार्य पूरा हो चुका है, वहां से मैनपॉवर हटाकर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में लगायें।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नमामिगंगे व एक्सईएन जल संस्थान को निर्देश दिये कि निरीक्षण करते रहे। कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि टेस्टिंग भी करते रहे, ऐसा न हो कि कार्य पूरा होने पर समय बर्बाद हो जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ये भारत सरकार और उप्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिले में पेयजल की समस्या काफी हद तक निपटाई जा सकती है। कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिये कि कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरन, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, बीएसए लव प्रकाश यादव, जल निगम एक्सईयन संजय कुमार, अपर प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, एलएनटी सेगमेंट हेड अजीत व्यास, एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट में सिर कुचलकर युवक की हत्या, पहचान मिटाने को डाला तेजाब, हाथ में बने टैटू से हुई शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** घर से निकले युवक का सिर कुचला शव बांधोइन नहर के पास मिला। मृतक की पहचान रामबरन पुत्र जयकरण कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव के बतौर हुई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। आरोप है कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

हत्या की ये घटना रविवार की रात हुई। बताया गया कि सोमवार को लोगों ने बंधोइन नहर के पास एक शव देखा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कपसेठी गांव की रामबरन की मां ने बताया कि रविवार को दोपहर वह तीस रुपये लेकर बाजार गया था। देर रात तक न लौटने पर परिजनों ने फोन किया तो फोन बंद बता रहा था। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता जयकरण ने बताया कि पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं दर्ज की। पुलिस ने कहा कि गायब रामबरन की फोटो लेकर आओ तभी रिपोर्ट दर्ज होगी। परिजन फोटो ढूंढते रहे, काफी रात हो गई। सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे परिजन फोटो लेकर कोतवाली गये तो पुलिस ने बताया कि बंधोइन नहर के पास एक शव मिला है, उसे देख लो। पिता जयकरण परिजनों साथ पहुंचे तो लाश का मुंह पत्थरों से कूचकर तेजाब डाल दी गई थी। उसके हाथ में बने टैटू व मां का नाम लिखा होने से शिनाख्त हुई। जयकरन ने बताया कि रामबरन की शादी 29 जून 2023 को हुई थी। गांव के आसपास मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। कोतवाली प्रभारी अजीत पांडे ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी। पुलिस जांच में जुटी है, जल्द हत्या का खुलासा कर आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जायेगी।

## पिछडे वर्ग के आरक्षण नियम का नहीं हो रहा पालन: विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के फारेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के पदों में आरक्षण नियमावली का पालन न करने की बाबत सूबे के अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को पत्र लिखा है।



सोमवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को लिखे पत्र में कहा है कि फारेस्ट गार्ड/वाइल्ड लाइफ गार्ड भर्ती परीक्षा का विज्ञापन जारी हुआ है। जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण नियमावली के अनुसार जितने पद मिलने चाहिए, उतने पद नहीं दिये गये। इस भर्ती प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग को मात्र 97 पद सृजित किये गये हैं। पिछले 69000 शिक्षक भर्ती में भी अभ्यर्थियों को आरक्षण विसंगति का सामना करना पडा था। बाद में अभ्यर्थियों के कोर्ट जाने पर कोर्ट ने विसंगति दूर करने के आदेश दिये। भर्ती प्रक्रिया आरक्षण विसंगति है। पिछड़े वर्ग के आरक्षण को क्यों कम किया जा रहा है? जानबूझकर आरक्षण विसंगति करके भर्तियों को लटकाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने मांग किया कि भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नियमावली अनुसार पदों का सृजन करते हुए संशोधित विज्ञापन जारी किया जाये।

## 21 को होगा साक्षात्कार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र माटी कला बोर्ड से संचालित माटी कला टूल किटस वितरण योजना 2023-24 में जिन परम्परागत कारीगरी/शिल्पियों ने आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड विकास भवन में जमा किये हैं, उनका साक्षात्कार 21 सितंबर को सवेरे दस बजे विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में चयन समिति करेगी। साक्षात्कार के समय मूल प्रपत्रों समेत आयें।

## मऊ पुलिस ने दबोचे दो वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में मऊ पुलिस ने दो वांछितों को दबोचा है।




सोमवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में सिपाही विवेक कुमार ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित कुशल पाल निषाद पुत्र भैरव प्रसाद निवासी बेलहा को गिरफ्तार किया। निरीक्षक अपराध थाना मऊ अभयराज सिंह ने सिपाही विवेक कुमार के साथ छेडछाड एवं जान से मारने की धमकी व पाक्सो एक्ट के वांछित रंजीत यादव पुत्र लवलेश यादव निवासी मवई कला को गिरफ्तार किया।

## पेट्रोल-डीजल का मूल्य स्थिर, कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 94 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.23 डॉलर यानी 0.25 फीसदी उछलकर 93.93 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.61 डॉलर यानी 0.68 फीसदी की बढ़त के साथ 90.77 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।



## 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में सात लोग गिरफ्तार, पीएसयू कंपनी के कार्यकारी सचिव भी चढ़े हत्थे

**नई दिल्ली।** आरोपियों के परिसरों पर कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, नागपुर, राजकोट और अन्य सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल सबूत और 26.60 लाख रुपये (लगभग) की नकदी बरामद हुई।

सीबीआई ने कथित रूप से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में पीएसयू ब्रिज एंड रूफ कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने इसकी जानकारी दी है। सीबीआई ने बताया है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 19.96 लाख रुपये की कथित रिश्वत के मामले में एक निजी कंपनी के मालिक, निजी व्यक्तियों, ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के कार्यकारी सचिव (एक लोक सेवक) सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के परिसरों पर कोलकाता, दिल्ली, नोएडा, मुंबई, नागपुर, राजकोट और अन्य सहित विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल सबूत और 26.60 लाख रुपये (लगभग) की नकदी बरामद हुई।

## विशेष अदालत ने बंगलूरू जाली नोट मामले में महिला को दोषी ठहराया, पांच लोगों को पहले ही हो चुकी है सजा

**बंगलूरू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने बंगलूरू जाली नोट मामले में एक महिला को दोषी ठहराया है। यह मामला कर्नाटक के रास्ते बांग्लादेश से भारत में भारी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले जाली नोटों की तस्करी से संबंधित है। वनिता उर्फ 'थंगम' इस मामले में दोषी करार दी जाने वाली छठी आरोपी है। उन्हें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 489बी (असली नकली नोटों के रूप में उपयोग करना) के तहत छह साल की कैद, आईपीसी की धारा 489सी (नकली नोटों को रखना) के तहत पांच साल की कैद और आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दो साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने वनिता पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। 2018 में एनआईए के साथ एक संयुक्त अभियान में कर्नाटक पुलिस ने 2.50 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वनिता के पास से 4.34 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त किए थे। एजेंसी ने कहा कि 2018 में एनआईए के एक अधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कर्नाटक पुलिस ने शुरू में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। आगे चलकर एनआईए ने मामला फिर से दर्ज किया और गहन जांच और निगरानी शुरू की जिससे मुख्य आरोपी अब्दुल खादिर के नेतृत्व वाले जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) गिरोह का पर्दाफाश हुआ।

# टेक्नोलॉजी को अपनाकर भारत को विकसित बनाने में योगदान दें ऑडिटर : सीतारमण

**चेन्नई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को एक विकसित देश बनने के लिए अगले 25 साल को महत्वपूर्ण बताते हुए लेखा परीक्षकों (ऑडिटर) से टेक्नोलॉजी को अपनाने और छोटी कंपनियों को वृद्धि के लिए शिक्षित करने का अनुरोध किया।

सीतारमण ने यहां 'सोसाइटी ऑफ ऑडिटर्स' की 90वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि देश ने पिछले 20-25 वर्षों में कई स्तरों पर प्रगति की है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक ने भी कहा है कि भारत ने पिछले दशक में वह हासिल किया है, जो वह 60 वर्षों में हासिल नहीं कर पाया था। वित्त मंत्री ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट की कार्यप्रणाली में विश्व स्तर पर बहुत बदलाव हो रहे हैं, इसका अहसास इन प्रोफेशनल्स को होने भी लगा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से टेक्नोलॉजी चलन में आई है, मैं उसकी सराहना करती हूं। सीतारमण ने कहा कि आप में से कई लोग इसे प्रसन्नता से अपना भी रहे हैं। इसकी वजह से अगले जुलाई से चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षाएं भी एक अलग प्रारूप में होने जा रही हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगले 25 वर्ष भारत के पास एक विकसित राष्ट्र बनने की 'नैरो विंडो' है। हममें से हरेक को अपने पेशे पर ध्यान केंद्रित करने के साथ देश की बेहतर सेवा करने के तरीकों पर भी ध्यान देना होगा।




## Indian Bank ने बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू की 'आईबी साथी' पहल

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने वित्तीय क्षेत्र में सभी हितधारकों के लिए एक एकीकृत पारिस्थितिकी मुहैया कराने के लिए शनिवार को 'आईबी साथी' पहल की शुरुआत की। इंडियन बैंक ने एक बयान में कहा कि आईबी समग्र समावेशन के लिए सतत पहुंच और सरेखी प्रौद्योगिकी (साथी) पहल ग्राहकों को बुनियादी एवं उन्नत बैंकिंग सेवाएं देने के लिए एक बेहतर अनुभव प्रदान करने की कोशिश है। इसमें बैंकिंग प्रतिनिधि अहम भूमिका निभाएंगे। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एस एल जैन ने कॉरपोरेट कार्यालय में इस पहल की शुरुआत की। इस पहल के जरिये इंडियन बैंक कुछ निर्धारित शाखाओं में प्रतिदिन न्यूनतम चार घंटे के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाएं देना चाहता है जबकि उसके बैंकिंग प्रतिनिधि सीधे ग्राहकों के दरवाजे पर जाकर सेवाएं प्रदान करेंगे। इंडियन बैंक ने मार्च, 2024 तक लगभग 5,000 बैंकिंग प्रतिनिधि तैनात करने की योजना बनाई है और इससे बैंक की पहुंच और उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक के फिलहाल करीब 10,750 बैंकिंग प्रतिनिधि और 15 कॉरपोरेट कारोबार प्रतिनिधि हैं।




# जी-20 वित्तीय समावेशन की चौथी वैश्विक साझीदारी बैठक मुंबई में संपन्न

**मुंबई/नई दिल्ली।** जी-20 देशों की वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक साझीदारी (जीपीएफआई) से संबंधित चौथी बैठक संपन्न हो गई। तीन दिवसीय इस बैठक में प्रतिभागियों ने छोटे तथा मझोले उद्यमों को मजबूत बनाने, उपभोक्ताओं को डिजिटल भुगतान व्यवस्था से सशक्त बनाने और उपभोक्ता संरक्षण जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि जीपीएफआई की मुंबई में आयोजित इस बैठक में डिजिटल भुगतान प्रणाली और इससे छोटे और मध्यम उद्यमों को होने वाले लाभों पर चर्चा की गई। बैठक में जीपीएफआई सदस्यों ने नई जी-20 वित्तीय समावेशन कार्य योजना के तहत सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन के विजन की दिशा में काम जारी रखने पर सहमति जताई।

जीपीएफआई की तीन दिवसीय चौथी बैठक का आयोजन 14 से 16 सितंबर तक मुंबई में किया गया। इस बैठक को भारत के जी-20 मुख्य समन्वयक हर्ष वर्धन श्रृंगला, देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ वी. अनंत नागेश्वरन और नाबार्ड के अध्यक्ष केवी शाजी कुमार ने भी संबोधित किया। बैठक में 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें जी-20 देश, विशेष आमंत्रित देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि जीपीएफआई को 2010 में सियोल में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में जी-20 देशों के नेताओं ने बनाया था। इसे जी-20 देशों, इच्छुक गैर-जी-20 देशों और कार्यान्वयन और संबद्ध भागीदारों के लिए एक समावेशी मंच के रूप में बनाया गया था।




# कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़कर हुआ 10 हजार रुपये प्रति टन, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल) टैक्स बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति टन कर दिया है। वहीं, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क घटा दिया है। पेट्रोल पर लगने वाला विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क फिलहाल शून्य रहेगा। नई दरें 16 सितंबर, शनिवार से लागू हो गई हैं।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 6,700 रुपये प्रति टन से बढ़कर 10,000 रुपये प्रति टन हो गया है।

डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को घटाकर 5.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो अभी छह रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह एटीएफ पर लगने वाला शुल्क घटाकर 3.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जो अभी चार रुपये लीटर है। उल्लेखनीय है कि देश में अप्रत्याशित लाभ पर कर सबसे पहले एक जुलाई 2022 को लगाया गया था। सरकार ने इससे पहले एक सितंबर को पाक्षिक समीक्षा में घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया था।




*सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 6,700 रुपये प्रति टन से बढ़कर 10,000 रुपये प्रति टन हो गया है।*

# ब्रिटेन की नई कंपनी ने सोलर पैनल बनाने की नई तकनीक विकसित की, भारत से मिला बड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की एक छोटी और नई कंपनी को भारत में सौर ऊर्जा की तकनीक सप्लाई का बड़ा ऑर्डर मिला है। बता दें कि इस ऑर्डर के तहत कंपनी गुजरात के मुंद्रा में 2.0 गीगावाट के सौर पैनल लगाने के लिए तकनीक की सप्लाई करेगी, जिसके लिए कंपनी को 40 लाख पाउंड (जीबीपी) मिलेंगे। कंपनी इसे लेकर उत्साहित है। खबर के अनुसार, ब्रिटेन के सरे में स्थित मध्यम वर्ग की कंपनी गैर रिकवरी एंड रिसाइकिल लिमिटेड (तत्र२रु) को यह ऑर्डर मिला है।

**ब्रिटेन सरकार ने की ऑर्डर पाने में मदद**

दरअसल इस कंपनी का दावा है कि उसने एक नई तकनीक विकसित की है, जिसकी मदद से सौर पैनल्स में ऊर्जा की खपत, कार्बन फुटप्रिंट और उत्पादन के खर्च में कमी आएगी। भारत के इस ऑर्डर को पाने में ब्रिटेन सरकार की निर्यात क्रेडिट एजेंसी यूके एक्सपोर्ट फाइनेंस ने मदद की और कंपनी के बॉन्ड के बदले 4,75,000 पाउंड की गारंटी जारी की। इसकी मदद से कंपनी को भारत का यह ऑर्डर मिला। बता दें कि कंपनी की इस तकनीक में सौलर पैनल बनाने में एरगोन गैस का इस्तेमाल कर सिलिकॉन क्रिस्टिल्स साफ किए जाते हैं, जिन्हें बाद में सोलर सेल्स में इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में एरगोन गैस की जरूरत होती है।

**जानिए क्या होगा नई तकनीक का फायदा**

जीआर2एल कंपनी का दावा है कि उनके द्वारा विकसित की गई तकनीक में एरगोन मशीनरी सोलर सेल्स का उत्पादन भी करती है और साथ ही माइक्रोइलेक्ट्रोनिक प्रोडक्शन, 3डी मेटल प्रिंटिंग और एयरोस्पेस हीट ट्रीटमेंट भी करती हैं। इससे एरगोन गैस का 95 प्रतिशत तक रिसाइकिल होती है। अब कंपनी अपनी इसी तकनीक को मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड को सप्लाई करेगी, जो गुजरात के मुंद्रा में बहुत बड़ा सौलर प्लांट लगाने जा रही है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि लॉयड बैंक और ब्रिटिश सरकार के यूके एक्सपोर्ट फाइनेंस विभाग ने इस ऑर्डर को पाने में उनकी मदद की। कंपनी ने कहा है कि 2023 के अंत तक उनकी मशीनरी की सप्लाई कर दी जाएगी।



## भोपाल में होगा Aqua Park का निर्माण, मंजूर हुए 25 करोड़ रुपये, मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने दी जानकारी

**इंदौर।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि मध्यप्रदेश में मछली पालन को बढ़ावा देने के मकसद से राज्य की राजधानी भोपाल में एकीकृत 'एक्वा पार्क' की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। रूपाला ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाय) की तीसरी वर्षगांठ पर इंदौर में आयोजित समारोह में कहा,''हमने पीएमएमएसवाई के तहत भोपाल में एकीकृत एक्वा पार्क की स्थापना को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने इसके लिए 25 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।''

# पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं, 330 रुपये प्रति लीटर हुआ भाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। नकदी के गंभीर संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमत लगभग 330 रुपये प्रति लीटर हो गई है, यहां मुद्रास्फीति दर पहले से ही दहाई अंक में पहुंची हुई है।

कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की मंजूरी मिलने के बाद वित्त मंत्रालय ने कीमत में 17.34 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके बाद पेट्रोल और 'हाई-स्पीड' डीजल (एचएसडी) की कीमतें 330 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों का 330 रुपये प्रति लीटर पर पहुंचना एक मनोवैज्ञानिक अवरोध के टूटने जैसा है। अगस्त में मुद्रास्फीति की दर 27.4 प्रतिशत से अधिक बढ़ने के बाद ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके पहले एक सितंबर को भी कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 14 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। पड़ोसी देश में एक पखवाड़े के भीतर दो बार इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने से वहां के लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। पेट्रोल और एचएसडी का उपयोग सभी निजी और सार्वजनिक सेवा वाहनों में किया जाता है।




**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# 'दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनना गर्व की बात, लेकिन...', ये है सी रंगराजन की चिंता

**कोलंबो।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने शनिवार को कहा कि पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होना गर्व की बात है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय भी बढ़नी जरूरी है। आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए रंगराजन ने कहा कि कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत के भविष्य के विकास के लिए एक स्पष्ट खाका तैयार करने की जरूरत है और सबसे पहला काम विकास दर बढ़ाना है।

**प्रति व्यक्ति आय के मामले में 197 देशों में भारत 142वें नंबर पर**

भारत को आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए उन्होंने कहा, 'यह एक प्रभावशाली उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'हालांकि, प्रति व्यक्ति आय के संबंध में हम अब भी संतोषजनक स्थिति में नहीं हैं, इस मामले में कहानी अलग है। 2020 में, प्रति व्यक्ति आय के संबंध में भारत का स्थान 197 देशों में से 142वां है।




**सी रंगराजन बोले- प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'यह केवल उस दूरी को दर्शाता है जो हमें तय करनी है, हमारे पास प्रति व्यक्ति आय के वर्तमान स्तर को देखते हुए तेजी से बढ़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि गणना के अनुसार यदि देश अगले दो दशक और उससे अधिक समय तक लगातार सात प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करता है तो इससे अर्थव्यवस्था के स्तर में उल्लेखनीय बदलाव आएगा और भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा लगभग लगभग हासिल कर सकता है।

**रोजगार वृद्धि से विकास का लक्ष्य हासिल किया जाना चाहिए: पूर्व आरबीआई गवर्नर**

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को उभरी नई प्रौद्योगिकियों और कुशल श्रम शक्ति को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ÷हालांकि नई प्रौद्योगिकियां उत्पादन के मामले में रोजगार पर असर डाल सकती है।÷ उन्होंने कहा, %रोजगार वृद्धि से विकास का लक्ष्य हासिल किया जाना चाहिए। विकास के बिना रोजगार वृद्धि टिकाऊ नहीं है। यही कारण है कि हमें कम से कम सात प्रतिशत की सतत वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने कहा कि विकास रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए और देश को मजबूत निर्यात और विनिर्माण क्षेत्रों की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इक्विटी के बिना वृद्धि टिकाऊ नहीं है। बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार इस दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि थे।

# वित्त मंत्रालय ने एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी है। इन कल्याणकारी उपायों की घोषणा से 13 लाख से ज्यादा एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी लाभान्वित होंगे। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दे दी गई है। मंत्रालय की ओर से जारी ये कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं। एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए जारी कल्याणकारी उपायों में ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि, नवीनीकरण कमीशन की पात्रता, टर्म इंश्योरेंस कवर और एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए पारिवारिक पेंशन की एक समान दर शामिल है। इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाजी स्थिति में काफी सुधार आएगा और उन्हें लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। एजेंटों के टर्म इंश्योरेंस कवर की मौजूदा सीमा 3,000-10,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000-1,50,000 कर दिया गया है। टर्म इंश्योरेंस में इस वृद्धि से मृत एजेंटों के परिवारों को काफी लाभ होगा।,